नत लोग तहीं ॥ भट और न अर्जुन की सरि हैं ॥ -
गहि के धनु को समता [illegible] हैं ॥ १२ ॥ यह बात सुनी

दुर्जोधन जबही॥प्रगट्यौ उर कोप महा तबही॥धनु लै तब अर्जुन पास गयौ॥अवलोकि सुरेषहि छाइ गयौ ॥१३॥ कर्ण उवाच॥ तोमर छंद॥ अब समर मोसों माडि सब देहु बातनि छांडि॥ सजि बाण तू डर डारि॥ अब पांडु पुत्र सम्हारि॥ अर्जुन उवाच॥ साजि तो कह बान। यह नाहिं मेरो स्थान॥ निज होइ भूपति कोय॥पुनि-समर तासो होय॥१५॥दोहा॥ कैसे कहौं बराबरी मोसों तोसों आय॥ तूसुत है निज सूतको नही अवनिपति राय॥१६॥ सुनि दुर्जोधन कोपकरि कीन्यौ करण भुव राय॥टीको नृप ताको कयौ सुभ घटिका सुख पाय। ॥१७॥ सवैया॥ अर्जुन के सुनि बैन सरोष तहां कुरु राज महा रिस भीनो॥ देस दियो सब कोसु दियो बहु बाजि दैसाजि कै वाहन दीनो॥ भूषन दै गज भूषन भूपति भूप कियो कबि छत्र नवीनो॥ राज दियो सुख साजि दियो सब काज के कर्ण महीपति कीनो॥१८॥ दोहा॥ जुरे कर्ण नर नाह तब अर्जुन सों करि जुद्ध॥ दुन्यों धनुर्धर धीर अति करत अमित गति जुद्ध॥ ॥१९॥ देखै जननी पुत्र बिधि करत दृष्टि सब लाय॥ कही महा अकुलाय सुत दोऊ राखि गुसाय॥२०॥ पांच बार धर मूरछो कर्ण सुभट बलि बंड॥ बार सात अर्जुन धुको बिक्रम कियो अखंड॥२१॥ दोऊ बरजे द्रोन गुरु दोऊ सिसु इक सार॥राखि अखारो सम दियो लोग सकल तिहि बार॥२२॥ दुरजोधन लै करण को गये आपने धाम॥ आजु पैज राखी महा सुनि रबि सुत गुण ग्राम॥२३॥

द्रोणाचार्य उवाच॥ चौपाई॥ धनि धनिसुरपति सुत सुख दाई॥ सबते तुम पौरुष अधि काई॥ यह कहि अपने कंठ लगायो॥ हैहै तोतें जो मन भायो॥२४ जाडर करण कर्यौ नर नाह॥ तोहि निरखि दुरजो धन दाह॥ गुरु दक्षिणा सकल मिलि देहु॥ द्रुपद जीति मेटौ संदेह॥२५॥ अर्जुनउवाच॥ जो आज्ञा मोहि देहो आप॥ सोई करि हौं तुम परताप॥ प्रथ महि दुर्जोधन सो कहो॥ यह गुरु दक्षिना उनपै लहो॥२६॥ जोवे यह करि सकै न आजु॥ तब सारौंगो हौं सब काजु॥ यह सब कही द्रोण तहँ जाय॥ कौरव सर्नौ बनू सुख पाय॥२७॥ किये द्रुपद सो सन्मु ख जुद्ध॥ तब पंचाल कियो बहु क्रुद्ध॥ बाननि सु सौ समर भुव आइ॥ अंबर लीनो तन छिनवाय॥ ॥२८॥ दंडक छंद॥ द्रुपद सो जुरे अंग सोदर सकल संग लीनो रण रंग महा सूरनि के गण में॥ बाननि आकास छाय दीव समुदाय जुद्ध क्रुद्ध बाढ्यौ अ दुद्ध वीरनि के मनमें॥ केते सरजाल को प्रयोग कि यो पांचाल कौरव बिहाल काहू धीर नहीं तन में॥ सेना अकुलानी देखि राख्यौ छत्र कुल पानी लेखि पांडु पुत्र पाँचौ तहाँ आइ गाजे रण में॥ २९॥ दोहा अरजुन करि संग्राम बहु जीतो सो नर नाथ॥ आन्यौ बांधि सु गुर निकट चकित भयो नरनाथ ॥३०॥ चौपाई॥ डार्यौ गुरुके चरननि सोई॥ देखत अ द्भुत बात सब कोई॥ बाल मित्रता की सुधि करी॥ विप्र द्रोण करुणा हिय धरी॥ ३१॥ आनि छित भूप

ति कंठ लगायो॥ तुम तें भयो सकल मन भायो॥ धनि अर
जुन गुरु द्रोण पुकारे॥ तो बिनु मो कारज को सारे॥३२
युधिष्टिरउवाच॥ सुनि अर्जुन सोदर गुण ग्राम॥ आजु
करों नीको संग्राम॥ भयो हमारो सब मन भायो॥ दुर
जोधन को गर्भ नवायो॥३३॥ द्रुपद राय बिलख्यो गृह
गयो॥ महा सोच उर अंतर भयो॥ द्रोणहि हित कै
परिहु सुसारैं॥ ऐसे कोटि बिचार बिचारैं॥३४॥ पुत्र
प्रिरवंढी ताके धाम॥ तातें सरे नहीं मन काम॥ जज्ञा
रम्भ बोलि द्विज कीनो॥ भूपति अति करुणा रसु
भीनो॥३५॥ दोहा॥ जज्ञ कुंड ते तब कढ़ी कन्या रूप
निधान॥ कै रति सची पुलोमजा है मेन का समान॥
३६॥ नाम द्रौपदी तब भयो निरखत दुहित्ता नैन॥
धृष्ट दुवन पुनि कुंडते कढ़्यो पुत्र जनु मैन॥३७॥
द्रुपद उवाच॥ या कन्या या पुत्र तें हैहै सब मनकाम
पूरण करि कै जज्ञ को हर्षो भूपति धाम॥३८॥ तब
ही जज्ञ सिराय के सब समंद रिषि जाल॥ वर्णवर्ण
सुबरण सहित सुरभी देति हैकाल॥३९॥ इति श्री
महा भारत पुराणे बिजय मुक्ता वल्यां कवि छत्र सिं
ह बिरचिता यां अर्जुन बिजय वर्णनो नाम सप्त
मो ऽध्यायः॥७॥
दुर्जोधन उवाच॥ त्रिभंगी छंद॥ कहा मति कीजे क्यों
जग जीजे वे सब कीजे उर धरिये॥ कछु मंत्र विचारैं जे
ज्यौ हारैं भीमहि मारैं सो करिये॥ कछु विंजन की
जे बहु विष दीजे बोलि सुलीजे भोजन कों॥ सुनि
धावन धाये॥ तुरतहि लाये बहु भाये भूपति मनकों

॥३॥ अति आदर की जो बहु सुख भीनो ताहि तबै ॥ मन सुख भये भारे आंध दुलारे आय जुहारे बंधु सबै ॥ निस दिन तुम आवत मन करि आवत सरसावत आनंद घने ॥ सबही सुख पायो नेह बढ़ायो मन भायो वह को बरनै ॥ २ ॥ भीम सेन उवाच दोहा ॥ सेवक जानत मोहि तुम कृपा करत सब कोइ ॥ ताते दिन प्रति की इहां आवन को मन होइ ॥ ३ ॥ चौपाई ॥ सहस लाष पनवारो आयो ॥ पवन पूत जेवन बैठायो ॥ दस बीसक जन परसत धाई ॥ सोई लेय छिनक में खाई ॥ ४ ॥ दंडककंद दुष्टता को पूर अति तामस को मूर महा क्रूर दुरजोधन रहतु तासों क्रोध में ॥ काल कूट फोरि फोरि जोरि जोरि केते बिष घोरि घोरि डारे बहु भोजन असेष में ॥ ब्यंजन अपार [illegible] के यो भार आनि कीनो हलाहल आधे आधु [illegible] में ॥ लावत ही हारि जात खार जेतो डारि जात भीम सेन खाि जात पातरि निमेष में ॥ ५ ॥ सवैया यद्यपि आनत चित्त कछू नहिं जद्यपि भाव महा छलको ॥ जानति जानतु भोजन स्वातु नहीं डरु ताहि हलाहल को ॥ भोजन ब्यंजन छंद घने सु किते कनि जेयन लग्यो पल को ॥ दृष्टि इतै उत सोन करै नकरै सुतौ पान कहूं जल को ॥ ६ ॥ दोहा ॥ भोजन करि बीरा लयो चल्यो आप ने गेह ॥ छाय गयो लिहि काल बिष अंग अंग सब देह ॥ ७ ॥ चौपाई ॥ पवन पुत्र जब बाहर आयो ॥ जान्यो भीम महा बिष खायो ॥ आई लहरि गिरो बिकराल ॥ तब नहं सोवत बारंबार ॥ ८ ॥ तीनो मोलघु सादर आइ ॥ तिन की इन सों कहा बसाइ ॥ भूपति मन में नेक न क्रोध ॥ कौरव सों को करै बिरोध ॥ ९ ॥ यों सुमिरत

दोहा॥ बासुकि दुहिता आहिमैं अहिल मती सो नाम॥
गवरि कृपा पाये पुरुष मो गृह करि बिश्राम॥२७॥
अब अपनी सब विधि कहो कोहो आप निदान॥
कौन बंस का नाम है किहि कारण ह्यां आन॥२८॥
भीम सेन उवाच॥ सोम बंश हम सुखद निय कुंती मातु सुजान॥ भूपति जंबू दीप के माँहि मंडल में आन॥
२९॥ तव संग दीसैं ब्याल बहु कहो कौन यह भाउ॥
जिते तिते ये देखियत सो सब बरनि सुनाउ॥३०॥ *॥
अहिल मती उवाच॥ ये पियूष के कुंड नव जग की जीवन मूरि॥ रखवारे तहँ सर्प बहु रहे चहूं दिसि पूरि॥३१॥ भीम सेन उवाच॥ दोधक छंद॥ मैं अब कुंड सकल लखि पाये॥ सोखौं सबै करौं मन भाये॥
अहिल मती तब बिनवै ताहि॥ यह कछु बातन नीकी आहि॥३२॥ जैहैं ब्याल किते लिपटाइ॥ रंचक सुधा सको नहि खाइ॥ करि बिवाह जो मोसों लेह॥ जानि हितू मानै सब नेह॥३३॥ दंडक छंद॥
भारे भारे ब्याल महा कारे कारे बिकराल काल हू के काल जहां तहां छाइ जायंगे॥ आनन की ओर जे स्रवत बिष ज्वाल जोर घोर घोर चहूं ओर कहां धौं समाइंगे॥ सप्त मुखी एक आह मुखी ते अनेक एक एक मुखी आसी बिष आइ लपटाइंगे॥ जोर दोऊ हाथ कहौं मानो प्रान नाथ प्यारे देखि ऐसे साथ कैसे धीरज धराइंगे॥३४॥ नाराच छंद॥ दुरै न मंत्र मूरि एक एक ब्याल जोड़सें॥ करो विचार कौन आप संग आय जो रसें॥ कछू सुने न नारि

बात भीम सेन यों कहै ॥ सरोष मोहिं देखि कें कहो सु
कोइहां रहै ॥ ३५ ॥ भुजंग प्रयात छंद ॥ लखे कुंड नैना नि
सोखें अबै हों ॥ सबै नाग के जूथ को त्रास देहों ॥ चल्यौ
धाय कें नारि यों चित्त सोचै ॥ करै दुःख सो नीर नैना
नि मोचै ॥ ३६ ॥ अहिल मती उवाच ॥ कहा कर्म कीनो
मुया मैं जियायो ॥ दुहूं भांति सों काल ह्वै ख्वान आयो ॥
करै जो कहूं यह पराजै पिता की ॥ बिनासै किधौं
जुद्ध मैं देह याकी ॥ दुहूं भांति मोको महा दुःख ह्वैहै ॥
अभै दान मोको कृपा सिंधु दैहै ॥ महा क्रोध ह्वै पवन
को पूत धायो ॥ हते नाग सो कुंड में पैठि आयो ॥ ३७
महा क्रोध कीनो सबै व्याल धाये ॥ चहूं ओर घेरे सबै
कुंड छाये ॥ उठ्यो कोपि कें भीम धायो तहां ते ॥ भगे
नाग सो नैन देख्यो जहां ते ॥ ३८ ॥ दंडक छंद ॥ एक
मारे तोरि कें मरोरि मारे एकै नाग एकै मारे मींडि
कें कहा लों कहों करनी ॥ एकै धाय कै धुकाय दये
धांवत हीं धर धर धर करत है एकै परे धरनी ॥ एकनि
के कारे फन फर फर फर करत थर थर कंप भगे
एकै लेलै धरनी ॥ भागि भागि एकै गये बासुकि नरे
श आगे जायकै अकह कह बात सबै बरनी ॥
३९ ॥ नागउवाच ॥ चौपाई ॥ आयो असुर एक अति
भारी ॥ कोंहू न मानत आन तुम्हारी ॥ कुंड एक क
रि लीनो पान ॥ मारयो सब नागनि को मान ॥ ४० ॥
चौखन कुंड सकल कहे कहै ॥ पर्यो काहू सो सुभि
लहै ॥ बासुकि कहै असुर नहि होई ॥ नृपति जुधि
ष्ठिर बंधव सोइ ॥ ४१ ॥ भीम सेन है ताको नाम ॥ कीहै

थल जीत्यो तिहि संग्राम॥वा बिनु हतो बली को और॥सोम-बंस सुभटन सिर मौर॥४२॥दोहा॥जुद्धिष्टर नर नाह की देइ दुहाई धाइ॥भीम सेन कुंडु निकट सकै मनीयरे जाइ॥४३॥चौपाई॥आय रजाइस धामन धायो॥तुरतहि पवनपुत्र ढिग आयो॥आनि युधिष्टिर नृपकी दीनी॥कानि भीम कुंडनि की कीनी॥४४॥भीम सेन उवाच॥जौन दुहाई देते आई॥कुंडल सकल होले सोखाई॥कौने तुमे वता यो भेद॥यह मन में बहु उपज्यौ खेद॥सुधि पाई वासुकि उठि धाये॥भीम सेन तब कंठ लगाये॥बहु सुख संजुत लै गृह गये॥रूपष्ट कुली मन आनंद भये॥४५॥दोहा॥शुभ घटिका शुभ लग्न गनि शुभ वासर शुभ बार॥आहिल मती भीमहि दई करि बिवाह सब चार॥४७॥पाइ दाइजो व्याहि कै बिधु बदनी बर नारि॥हिय हुलास कीनो महा बदन मयंक निहारि॥४८॥बहु प्रताप पूरण कला भीम सेन ज्यौं भान॥फूलति लखि अंबुज मुखी सब गुण रूप निधान॥४९॥सोरठा॥धर्म पुत्र भुव राय सहदेव सों यह कही॥यह संदेह मोहि आय भीमहि भयो बिलंब बहु॥५०॥सहदेव उवाच॥गयो बीर पाताल भूपर नहीं सु भूमि पति॥कौरव कर्म कराल करि भोजन में बिष दयो॥५१॥दोहा॥दीनो गंग बहाइ सो परयौ पतालहि जाइ॥वासुकि तनया तिन बरी रहत तहां सुख पाइ॥५२॥पठयो धावन भूप तब पहुंच्यौ भवन पताल॥बोले हो तिन सों कही जुधिष्टिर भूपाल॥५३॥पवन पुत्र मांगी बिदा

बातु कि पै सुख पाइ ॥ नाय मास तिन को बल्यो अहिल मती संगलाइ ॥ ५४ ॥ चौपाई ॥ सबनागनि मारग दरसायो निकसि भीम भुव ऊपर आयो ॥ धर्म पुत्र के आनंद भयो। कुंती को सब दुख मिटि गयो ॥ ५५॥ सकल अनुज मिलि आनंद ठयो ॥ महा दुखित कुरुनंदन भयो ॥ दयो दुष्ट सुरसरी बहाई ॥ कहो कहां ते प्रगटयो आई ॥ ५६ ॥ सकल जगत अपजस ह्वै गयो ॥ अब यह सालु हमारो भयो ॥ अब कछु ऐसो करो विचार ॥ भीम सेन को सकिये मार ॥ ५७॥ राजा युधिष्टिर उवाच ॥ दोहा ॥ अंध सुतनि को मान हति कियो सुजस संसार ॥ गांधारी को गर्व अब गयो बार इहि बार ॥ ५८ ॥ इति श्री महा भारत पुराणे विजय मुक्ता वल्यां कवि छत्र सिंह विरचितायां भीम सेन बिवाह वर्णनो नाम अष्टमो ऽध्यायः ८

दोहा ॥ आश्विन कृस्ना अष्टमी नर नारिनि की भीर ॥ पूजन गज नारिनि सजे भूषन बसन शरीर ॥ १॥ महा मलिन कुंती भई अर्जुन निरखी नैन ॥ कहा बिसूरति आज तुम सो कहि मोसों बैन ॥ २ ॥ कुंती उवाच ॥ मेरे पांचों पुत्र तुम वै सत बंधु बिचारि ॥ सौ गौंदा ले आवही सकल मृत्तिका डारि ॥ ३ ॥ करि गज पूजे आजु सो गंधारी सुख पाइ। तिन सों हम सों कौन विधि करी बराबर जाइ ॥ ४ ॥ अर्जुन उवाच ॥ पंच पुत्र तेरे बली क्यों मलीन बिचारित ॥ ऐरावत आनों दुरद तेरे पूजन हित्त ॥ ५ ॥ सवैया ॥ काहे को माय बिसूरति याबिधि बाण अनेक तानि अंबर छाऊं ॥ बाट करौं सर जाल पटै नभ भूमि अकासहि मेंद कराऊं ॥ मान हतौं दुरजोधन को

बल कौरव को सब गर्ब नवाऊं॥ आनो भुजा बल सों ऐरावत अर्जुन तौ तुव पुत्र कहाऊं ॥ ६ ॥ दोहा ॥ करि प्रणाम गुरु द्रोण को लीनो धनुष उठाय ॥ हित ऐरावत सुरपुरी दीनो बाण पठाय ॥ ७ ॥ अर्जुन इषु देवन लखें कह्यौ इंद्र सुनि लेहु ॥ तुम सुत मांगत तव दुरद करो कृपा सो देहु ॥ ८ ॥ जो न देहु ऐरावतै तो यह बरु करि लेहु ॥ अमर पुरी भट भंजि के दुख देवनि को देहु ॥ ९ ॥ देन कह्यौ वारण सुनी देवनि की मनु हारि ॥ क्यौं धरि जैहैं स्वर्ग तैं सो सब कहो बिचारि ॥ १० ॥ चौपाई ॥ सब देवन मिलि बाण पठायो ॥ भूतल अर्जुन के ढिग आयो ॥ ऐरावत को मारग कीजै ॥ इहि विधि [illegible] पन लीजै ॥ ११ ॥ अर्जुन उवाच ॥ बाण अनेकनि अंबर छाऊं ॥ ऐरावत को बाट बनाऊं ॥ इंद्र सभामें [illegible] यो ॥ देवनि इंद्रहि जाइ जनायो ॥ १२ ॥ दोहा ॥ आज्ञा सुरपति तब दई साखि दये सुर पाल ॥ पूजा करि पठवे इहां वारण याही काल ॥ १३ ॥ आयो पत्री भूमि को अर्जुन लखिये भाइ ॥ निकसि नगर तैं सुभट तब लीनो धनुष चढ़ाइ ॥ १४ ॥ करि प्रणाम गुरु द्रोण को हंसहि सीस नवाइ ॥ सर पंजर पूस्यौ तबै लयो व्योम सब छाइ ॥ १५ ॥ सवैया ॥ व्योम को पठाये बाण प्रथम सहस्र एक दूसरे सहस्र दश स्वर्ग को पठाये हैं ॥ तीसरें अयुत पांच चौथे लक्ष एक सर एक कोटि पांचये आकाश माहिं छाये हैं ॥ षष्टमे करोर दश अर्ब एक सातयें सुकहां लौं बखानों सर जाल जेते धाये हैं ॥ पूस्यौ सुर लोकते धरा लों सर पंजर बिलोकि अंध पुत्र सत बंधु तैं सताये हैं ॥ १६ ॥

॥२६॥ युधिष्ठिरउवाच ॥ धनि अर्जुन तैं राखि यों लोकलोक में नाम ॥ अब नकरैं गे गर्ब वे रहे ससोके धाम ॥२७
दुर्जोधन को आदिदै भये गर्ब करि हीन ॥ कैक सुहाय न धाम धन छिन छिन ह्वै गये छीन ॥२८॥ गंधारीउवाच ॥
कहा भयो सुत सो जने सरै नतिन सो काम ॥ जायेअर्जुन भीमउनि धनि धनि कुंती बाम ॥२९॥ देखि पराक्रम इकुन के लखों नही कुस रात ॥ सैहैं तुमतें राज वे यह सूरुति है बात ॥३०॥

दोहा॥लाज भई दुरजोधनै दूसासन के चित्त॥याके-अमित्त प्रकार करि कुंती पुत्रनि हित्त॥३१॥सवैया॥राज सुहाय नकाज सुहाय नलाज सुहाय नही मनमाही॥ग्राम सुहाय न धाम सुहाय न बाम सुहाय हिये-सुधि नाही॥देश सुहाय नकोस सुहाय सुकौरव के मन रोम कृपा ही॥खान सुहाय नपान सुहाय सुहाय न पंडु के पुत्र की छाही॥३२॥दुरजोधन उवाच॥दोहा॥अर्जुन भीम भये बली कीजे कछू उपाइ॥सब मिलि ऐसो कीजिये सालु हमारो जाइ॥३३॥इति श्री महाभारत पुराणे बिजय मुक्ता वल्यां कवि छत्र सिंह बिरचितायां ऐरावत आगमनो नाम नवमो ऽध्यायः॥९॥॥

॥दोहा॥

गंधारी भ्राता सकुनि बोलि लयो अकुलाय॥भीषम रूप बोले बिदुर मंत्र काज सुख पाय॥१॥दुरजोधन उवाच जैसे छीजें पंडु सुत सो मति कहो बिचारि॥बीचहि-बोले सकुनि तब देहु गेह में जारि॥२॥बरून नगर-ले कोटि रचि तामें दीजे बास॥चहुं दिशि अगिनि-पजारिये होइ सबनि को नास॥३॥चौपाई॥भीषम मंत्र कहन नहिं पायो॥सकुनि कह्यो सो नृप मन भायो॥सम ही सोई कोटि करावहु॥बेगहि चलो चार जनि लावहु॥४॥सवैया॥तेल भरे घट आनि धरे घृत के भरि कै घट केते सवारे॥तूल है मूल मंसार अपार सुलाख मिले किये गंधक गारे॥अंतर सूत निरंतर काठ बनाय के पावक धाम सुधारे॥चित्रत चित्र सवारि दिवालनि देखिये सदन सबै उजियारे

॥५॥ दोहा॥ बर्ष दिवस बीते सकुनि कह्यौ नृपति सौं आय॥ सपरयो मंदिर पंडु सुत दीजै तहां पठाय॥ ६॥ गीतिका छंद॥ बोलि लीने बिदुर भीषम लै सभा बैठारि यो॥ नृप युधिष्ठिर आदि दै सब पंडु पुत्र हंकारि यो॥ बात भीषम पै कहाई मानि आयसु लीजिये॥ तुम हेत मंदिर बरणा रच्यो बास तामैं कीजिये॥ धर्म सुत के हर्ष उपज्यो तुरत सब रथ पर चढ़े॥ राज आज्ञा मानि कै जुत मातु पुर बाहिर कढ़े॥ बिदुर साथ चले पठावन सकल सिक्षा ते कहैं॥ बैठि कै पर सदन मैं निश्चिन्त भूपति ना रहैं॥ ॥८॥ चौपाई॥ अति सचेत रहियो गृह माहीं॥ आप उठा यो तुम वह नाहीं॥ जाय बासुनी गृह की लीजौ॥ आप सूझ तौ सब कछु कीजौ॥ ६॥ पैठन भेद जु कोई आवै॥ सोनहि भेद कछू लखि पावै॥ बुधि दै बिदुर गये फिरि ग्राम॥ पहुंचे नृप चलि ताही धाम॥ गेह प्रवेस कियो भुवपाल॥ सनमुख छीक भई तिहि काल॥ सह देव कहै सुनो महराज॥ रहहु इहां नहिं नीको काज॥ ११॥ नकुल उवाच क्यौं न हस्तिना पुर पगु धारो॥ जिय मैं कहा बिचार बिचारो॥ कही भूप उहि पुर नहि जैहैं॥ दुख सुख बीर इहां हम रैहैं॥ १२॥ यह दुख बिदुर पितामह पायो॥ सो भ्रातनि उर आनंद छायो॥ बिदुर कह्यो सबतें सो देख्यौ॥ पावक पुंज धाम सो लेख्यौ॥ १३॥ सावधान निस बासर रहैं॥ मरम न काहू सौं कछु कहैं॥ दुरजोधन प्रतिहार बुलायो॥ भेद सकल दै ताहि पठायो॥ राजाउवाच॥ हम सौं अन्तर करि तुम जाहु॥ जहां जुधिष्ठिर रहैं नरनाहु॥ भूंजे कपालिनि सो बारो धाम॥ करि हौ सब

तुम पूरण काम ॥ १५ ॥ सुंदरी छंद ॥ आयसु पाय गयो वह ता पल ॥ जाय प्रणाम कियो पलही पल ॥ और कहे दुरजोधन के दुख ॥ पेर विश्वास कहै हित को मुख ॥ १६ ॥ दोहा ॥ बचन सम्हारे बिदुर के कपटी उर पहिचानि ॥ सब बिधि सकल सचेत है कह्यो पवरि मग आनि ॥ १७ ॥ मालती छंद ॥ भीम सिधायो सुरंग खनायो ॥ बन कहं कीनो पंथ नवीनो ॥ १८ ॥ चौपाई ॥ हमहिं भरे ज्यों कौरव जानौं ॥ ऐसे सब मिलि कै मति ठानौं ॥ भिक्षुक पंच दिवस इक आए ॥ जननी वृद्ध संग ते लाए ॥ १९ ॥ देखि भीम यों कहै बिचारी ॥ बनमें जाहिं इन्हें सों जारी ॥ बहु बिधि भोजन तिनहिं कराए ॥ उत्तम ठाम तहां पौढ़ाए ॥ २० ॥ दोहा ॥ जबही बीती अर्द्ध निशि सोवत सबही जानि ॥ कही भीम नरनाह सों चलौ बिपिन सुख दानि ॥ २१ ॥ सुरंग बाट सब मिलि कढ़े लै जननी लिहि काल ॥ लैपावक तब पौरि पर भीमहु गयो उताल ॥ २२ ॥ ऊंकद ई प्रति हार सिर दीनी पौरि जराइ ॥ महल महल परि जारि कै गयो भूप पै धाइ ॥ २३ ॥ दोधक छंद ॥ बाट लई बन को उठि धाये ॥ मंदिर दुर्गम कोटि कराये ॥ मूंदि गयो मग कोउ न जानै ॥ जात चले थकि कै हह राने ॥ भीम महीपति कंध चढ़ाये ॥ पार्थ नबै उर सों लिपिटाये ॥ बंधव दोइ लये एक वारी ॥ सीस धरी जननी सुख कारी ॥ २४ ॥ लै दश कोस गयो बन माहीं ॥ भय जिन के मन में कछु नाहीं ॥ धाम जरयौ सुनि कै कुरु राई ॥ बैठिसभा

बहु ते पछि ताई ॥ २६ ॥ मुख बाढ़ौ आनिही उर माहीं देखत लोगनि के पछि ताहीं ॥ साल मिल्यौ उर को यह जान्यौ ॥ क्रुद्ध भयो तब दे करि पान्यौ ॥ २८ ॥ दोहा ॥ न यो जन्म जान्यो तबै सत बंधव उर फूल ॥ बड़ी कृपा करता करी नसे हमारे सूल ॥ २६ ॥ उन पांडव बन को गये उलरे बट की छांह ॥ सब सोये पछे जगे भीम सेन बन मांह ॥ ३० ॥ नर देही को बास लहि आई त्रिय गल गाजि ॥ नाम हिडंबी राक्षसी घोर महा बपु साजि ॥ ३१ ॥ तन दीरघ दीरघ उदर दीरघ दंत कराल ॥ दीरघ मुख दीरघ श्रवण दीरघ नख सुबाल ॥ ३२ ॥ आई गर्जत नारि वह भीम न मानी संक ॥ तरवर लै साम्ही गयो करी नभय कछु अंक ॥ ३३ ॥ देखत साहस भीम को भई परम बपु बाल राका शशि षोडस कला रूप लख्यौ तिहि काल ॥ हिडंबीउबाच ॥ दोधक छंद ॥ मो मन रोचक आपुन मानो ॥ आपु त्रिया करि कै उर जानो ॥ मैं तुम देखि बली बर कीनो ॥ नित्त बसों तब आयसु लीनो ॥ ॥ ३५ ॥ आइ हिडंब तहां तब गाज्यौ ॥ भीम हुते द्रुम लै कर साज्यौ ॥ को कहि नारि कहां यह आयो ॥ भेद कछू नहिं मैं अब पायो ॥ ३६ ॥ हिडंबी उबाच दोहा ॥ मेरे बीर हिडंब यह कीजे युद्ध निसंक ॥ कछु बिसमै जिय जिनि करो लज्या धरी न अंक ॥ ३७ नहिं गाजत धीरजु रह्यो तेरो बुद्धि निधान ॥ यह न कछु तेरो करै हति बरया है निदान ॥ ३८ ॥ भीमसेन उबाच ॥ चौपाई ॥ तेरो भाता भरोसो मो[illegible] कैउत

त रिस लागै तोहि ॥ जब याकी तू होहु सहाय ॥ तब काहि मेरो कहा बसाय ॥ ३९ ॥ हिडं बीउबाच ॥ दोहा ॥ जानति तोको प्राण पति नहि राखति चित और ॥ तोस म यामें बल नहीं हति हिडंब यह ठौर ॥ ४० ॥ भयो असु र अरु भीम सो अति गति मुष्टि प्रहार ॥ मल्लजुद्ध करि धर परे द्वै दोऊ बिकरार ॥ ४१ ॥ निकट नपायो भीम जब जागे बंधव चारि ॥ निसचर सों मंडत समर अब लोकौ सुख कारि ॥ ४२ ॥ त्रोटक छंद ॥ अब लोक त भीमहि लाज भई ॥ तब दानव के भुज कंठ दई ॥ बरु कै वह दानव बीर हयो ॥ सब बंधव को बहु सुः ख भयो ॥ ४३ ॥ गीतिका छंद ॥ धर्म सुत को मांगि आयु सु सीख कुंती पै लही ॥ तब हिडंबी भीम ब्याही विधि करी जैसी चही ॥ रहत बीते दिन किते ता बिपन में सु ख साजही ॥ कंद मूल नि खात खनि खनि जीविका यों राखही ॥ ४४ ॥ दोहा ॥ रहत किते दिन जब भये ताका नन के धाम ॥ पुत्र हिड़ंबी के भयो धर्यौ घरूका नाम ॥ ४५ ॥ बीति किते दिन तब गये तज्यौ बिपन वह ठाम छांड़ि घरूका ता थली पहुंचे इक चक ग्राम ॥ रूपक परिया को सजे रहे एक द्विज धाम ॥ उद्यम करि भोज न करैं सब बंधव गुण ग्राम ॥ ४७ ॥ इति श्री महाभा रत पुराणे बिजय मुक्ता वल्यां कवि छत्र सिंह बिर चिता यां घरूका जन्मवर्णनो नाम दशमोऽध्यायः ॥ १० ॥

॥ त्रिभंगी छंद ॥

इक चक नगरी सब गुण आगरी कीरति बगरी सक ल दिशा ॥ पुर नर सब गाजत इहि बिधि राजत साज

त सोक नद्यो सनिपा॥ भव कंपत थरथर बक दानव डर घर घर सोच सकोच महा॥ नित प्रति नर मारै किते संघारै बरनो निसचर कर्म कहा॥१॥ दोहा॥ नास जानि पुर नर सबै तब यह कियो बिचार॥ दिन प्रति दीजै एक नर चैन लहै संसार॥२॥ निसि चरसौं कीनो बिनै सबही मिलि तहं जाइ॥ प्रति दिन को तुव भक्ष हित नर यक पहुंचौ आइ॥३॥ मानि बिनय प्रति द्यौस को भक्ष एक नर लेहि॥ जाको जबही औसरा सो भक्षन तेहि देहि॥४॥ द्विज तरुनी के धाम जहं बसत युधिष्ठिर राइ॥ ताके सुत को औसरो पहुंच्यौ इक दिन आइ॥५॥ * ॥ * सोरठा॥ द्विज तरुनी अकुलाइ बार बार घर मूरछै॥ फिरि फिरि यह पछिताय कौंन काल्हि यह पुत ज्यौ॥६॥ दोहा॥ मोह महा देखत भयो कुंती के उर आइ॥ तत छिन वाको दुख कह्यो भीमहि पास बुलाइ॥७॥ भीमसेन उवाच॥ चौपाई॥ याके सुत के पलटे जैहों॥ फिरि मिलिहों जो जी बतरैहों॥ भोजन दानव हित जो भयो॥ भरि कै महिष भीम संग लयो॥८॥ दानव ठौंड तहां चलि आयो॥ बैठि भीम तहं भोजन खायो॥ धायो असुर क्रोध करि भारे॥ बज्र पात सम दो हाथ मारे॥९॥ दोहा॥ मुष्टि प्रहार करो असुर आपु शक्ति अनुसार॥ भीम न आन्यो चित्तमें भोजन भखे अहार॥१०॥ दोधक छंद॥ भारत ही सब भोजन खायो॥ संक नहीं अपने उर लायो॥ बीर दुहू मिलि के रण

कीनो ॥ कोउ नहीं तिन में बल हीनो ॥ ११ ॥ जुद्ध भयो अति ही गति ऐसो ॥ राघव रावण को रण जैसो ॥ ग्रीव दयो पगु दुष्ट संघारो ॥ ऐंचि तबै पुर बाहिर डारो ॥ १२ ॥ दोहा ॥ ठाढ़ो कीनो पवरि पर मृतक असुर सो लाइ ॥ प्रात होत पुर नर सकल निरखि भगे अकुलाइ ॥ १३ ॥ सबही को संका भई सकैं न नियरे जाय ॥ है दानव निरजीव यह कही भीम तहं आय ॥ १४ ॥ भीमसेन ढिग जाय के संभ्रम दियो भगाय ॥ यह गति जानी व्यास मुनि तबही पहुंचे जाय ॥ १५ ॥ श्रीव्यास उवाच ॥ पवन पुत्र मारो असुर सब जग भयो चवाउ ॥ अब सिख मानो बेगि ही नगर कंपिला जाउ ॥ १६ ॥ मानि सीख रिषि व्यास की तिहि पुर पहुंचे जाइ ॥ होत सगुन सह देव सों कही नृपति सुख पाइ ॥ १७ ॥ चौपाई ॥ कैसे सगुन भये अब भाई ॥ सो अब मोसों कहि समुझाई ॥ सुनहु गुसाइ सगुन प्रभाव ॥ होइ लाभ चित चौगुन चाव ॥ १८ ॥ आमिष लीने देख्यो स्वान ॥ गयो दाहिनो उत्तम जान ॥ लीनो अर्जुन धाय छुटाइ ॥ लाभ बहुत पहि चानो राइ ॥ १९ ॥ रहे सु कुंभ कार गृह जाय ॥ पंच बीर संग कुंती माय ॥ इहि बिधि बीति काल बहु गयो ॥ भूपति द्रुपद स्वयंबर ठयो ॥ २० ॥ दोधक छंद ॥ सोहत पंचनि की अवली अति ॥ देखत ताको मोहति है मति ॥ उज्जल हैं गज दंत महा छबि ॥ जोर मनो दुति बर्णत हैं कबि ॥ २१ ॥ आय जुरे भुव के सब भूपति ॥ है जग में जिनि की बहु कीरति ॥ कौरव सेन तहां सब सोहत्ति ॥ दीरघ सायर सो मन मो

हति ॥ २२ ॥ दोहा ॥ यज्ञ द्रुपद भूप कै भयो आये सब रिषि राइ ॥ रच्यो द्रोण गुरु जंत्र नभ एहा बेध बनाइ ॥ २३ ॥ रा रख्यो परम कठोर धनु मीन जंत्र के पास ॥ ह्वैहै सो समर्थ्य जगत बेधै जंत्र आकाश ॥ २४ ॥ चौपाई ॥ तप्त तेल सौं भरो कराह ॥ राखो नीचे तब नरनाह ॥ तरे दृष्टि करि देखै काई ॥ मीन जंत्र जो बेधै आई ॥ २५ ॥ ता उर कन्या ताही काल ॥ वाही भूप यह डारै माल ॥ बारन चढ़ी फिरै सो बाल ॥ लीने हाथ पुहुप की माल ॥ २६ ॥ दंडक छंद बेनी ज्यौं फनीन्द्र और इंदु सो मुखार बिंद सन चंपक हास मोहत है मन को ॥ खंजन चपल गति भंजन है ऐन नैंन अंजन सहित मन रंजन है घनको ॥ अधर चिवुक चारु बाहु है सुढार कुच कनक कलस रंग कंचन सो तनको ॥ कदली के खंभ से जुगल जंघ छवि कवि को मल कमल जिमि बानिक चरन को ॥ २७ ॥ चौपाई देखि कुमरि सब उमहे राई ॥ करि करि गर्ब छुयो धनु आई ॥ तानि सकै नहिं सकै उठाई ॥ गये सब उनके मुंह कुम्हिलाई ॥ कौरव सब बंधव पचि हारे ॥ सबही के मुख ह्वै गये कारे ॥ दुर्य्योधन तब सकुनिहि देखि ॥ करत धरषना कुमर बिसेखि ॥ २८ ॥ दुर्य्योधन उवाच ॥ सवैया ॥ सूर नहीं सूरनि में क्रूर महा क्रूरनि में दुष्टता सों पूरण है पूर उर बाई को ॥ मूढ़ महा मूढ़नि में गुनिन मंत्र गूढ़नि में पगानकि आरूढ़नि में संग्रह नवाई को ॥ ऐसो आगि बे को है कुटेव टेव टेकी जिहि तासों एक पैका जोन खोज है भलाई को ॥ नाहि बली बलिन में छली महा छलिन में सु देखि

द्रौपदी का स्वयंबर होना तथा अनेक राजा बैठे हुए वहां ब्राह्मण का भेष धरि पांचों पांडवों का जाना
कड़ाह पर टंगी हुई मछली नीर से बेधना अर्जुन का
अर्जुन
पांचों पांडव
राजा

थे न मुख ऐसे कुटिल कसाई को ॥ ३० ॥ दोहा ॥ बारे ला
क्षा गेह में पंडु पुत्र दुहि जाइ ॥ होतो जीवत पार्थ जो लेतो
धनुष चढ़ाइ ॥ ३१ ॥ जंत्र बार दश बेधतो महा बीर बल
वंड ॥ सुनि पुनि कोप्यो कर्ण तब बाढ़यो कोप अखंड
॥ ३२ ॥ कर्ण उवाच ॥ जो मारें अब दुपद सुत कौन छुड़ा
वै तोहि ॥ मरो मर्म न तूलहै कानि भूप की मोहि ॥ ३३ ॥
॥ सोरठा ॥ चल्यौ कर्ण धनु पास बरजि कृस्न तब यों -
कही ॥ छांडि देहु यह आस बेध्यौ जाय न जंत्र यह ॥
॥ ३४ ॥ दोहा ॥ जो बेधो इक बाण सों तो जग में जस
होत ॥ हारे होय कलंक बहु और लाजि है गोत ॥ ३५ ॥
रूप कपरिया को किये अर्जुन बचन प्रकाश ॥ नहीं स
भा समरत्थ कोउ बेधै जंत्र अकास ॥ ३६ ॥ दुपद उवा-
च ॥ चौपाई ॥ के भूपति के तपसी होई ॥ एहा बेध क-
रै जो कोई ॥ ता उर कन्या तेही काल ॥ डारै अमल
कमल की माल ॥ ३७ ॥ तब चलि अर्जुन आगे गयो ॥
धनुष चढ़ाय हाथ सों लयो ॥ अति कठोर जान्यो धनु
जबही ॥ भीम सेन मुख चाह्यो तब ही ॥ ३८ ॥ दोहा ॥ भी
म सेन बलवंड गति अर्जुन की पहिचानि ॥ कोमल क-
रि धनु पार्थ कर दयो बार दश तानि ॥ ३९ ॥ लै धनु
गयो कराह तन इक टक ताहि निहारि ॥ झांई पाई मी
न की रह्यौ ध्यान उर धारि ॥ ४० ॥ दीठ मूंदि मन एक
करि बेध्यौ सो सर येक ॥ फोरि गयो इषु दृगनि
को कौतुक करत अनेक ॥ चौपाई ॥ चूकि गयो
नर एक बखाने ॥ बेधि गयो सर एक तें जाने ॥
बाल लियें कर मालहि आई ॥ अरजुन के तब

ही उर नाई ॥ देखत कर्ण महा रिस भीनो ॥ दारुण क
र्म महा इन कीनो ॥ ४१ ॥ लै तपसी अब याको जैहै
लाज सबै भुव पालनि ऐहै ॥ ४२ ॥ दोहा ॥ कर्ण चढ़ायो
कोपि धनु देखत सब भूपाल ॥ निरखि सोच उर
में भयो विकल भई उर बाल ॥ ४३ ॥ अरजुन उवाच ॥
सवैया ॥ चंद्र मुखी कत सोच करै जिय गर्ब हरौं कुर
नंदन कोतो ॥ आजु करौं छिन में रण में जय जुद्ध जुरै ज
म आय कै जोतो ॥ हौं समरत्थ अकेलोइ बे किनि सोद
र जूझहि धायकै सोतो ॥ जोन बधौं तौ लजाउं पिता कहं
अर्जुन नाम कहाइ कौं तो ॥ ४४ ॥ दोहा ॥ कोपे दोऊ बी
र रण रह्यो बाण नभ छाइ ॥ लोपे सूरज तम भयो उप
मा कही नजाइ ॥ ४५ ॥ देख्यौ करण प्रचंड रण पार्थ को
पि ज्यों काल ॥ रुद्र बाण बेध्यौ कवच बिकल भयो बे
हाल ॥ ४६ ॥ तबहि करण छांड्यौ समर जय जय करि -
तिहि काल ॥ दुरजोधन हूत भीम सो कीनो जुद्ध कराल ॥
४७ ॥ करणउवाच ॥ अरे कपरिया कौन तू मोसों कहि
सत भाइ ॥ तेरे सर ऐसे लगैं ज्यौं अर्जुन के घाइ ॥ ४८
यों कहि करण बरइ गौ भिरे भीम भुव राइ ॥ मल्ल
जुद्ध करि बीर दोउ थाकि रहे अकुलाइ ॥ ४९ ॥ चौपा
ई ॥ बर करि भूपति भीम उछार्यो ॥ मल्ल जुद्ध करि भू
परडार्यो ॥ जयजय कार पार्थ तब कर्यो ॥ सम्हर्यो
भीम कोपि तब लर्यो ॥ ५० ॥ मार्यो गुरज गिर्यो भुव
राउ ॥ ठाढ़ो भीम करै नहिं घाव ॥ चेति फेरि यों कहै
नरेस ॥ तू को सुभट तपी के भेस ॥ ५१ ॥ दोहा ॥ ॥
पवन पुत्र अरु पार्थ के ऐसे हुते प्रहार ॥ वै सोई मैं

तु लख्यो बल दीनो करतार ॥ सोरठा ॥ सहदेव तहं आय ग
हि कर लै भीमहि गये ॥ द्रुपद सुता संग लाय पहुंचे कुंती
निकट सब ॥५३॥ युधिष्टिर उवाच ॥ चौपाई ॥ सुनि सुनि मा
त महा सुखदाई ॥ आजु कछू हम भिक्षा पाई ॥ तुम आज्ञा
सब बंधुव मानैं ॥ सो तजि और न चित्तहि आनैं ॥ ५४ ॥ कुं
ती उवाच ॥ दोहा ॥ पांचौं बंधुन सों तम्है पुत्र आय बहु नेहु ॥
जो कछु पाई भीख तुम बांटि सकल मिलि लेहु ॥ ५५ ॥ अ
र्जुन उवाच ॥ माता को सुनि सुखद प्रिय बचन न मेटयो जा
इ ॥ मुख जोयो तब पार्थ को पंचाली अकुलाइ ॥ ५६ ॥ नि
रखी कुंती द्रौपदी मनही मन पछिताइ ॥ बचन अनैसो
मैं कह्यो पुत्र नसकैं नसाइ ॥ ५७ ॥ आये हलधर कृस्न
तहं जानत सगरो भाउ ॥ करि कुंती को बंदना मिले जु
धिष्टिर राउ ॥ ५८ ॥ तब बिचारि कै द्रुपद नृप धृष्ट दुम्नन
सुत बोलि ॥ आप कपरिया को भये भेद लेहु सुत खोलि
॥ ५९ ॥ सुंदरी छंद ॥ नीच कि धौं कोउ उत्तम है नर ॥ कौ
न में कि बसैं पुर सुंदर ॥ श्री जदु नंदन भूपति है जहं ॥
आय दुसो सुत भूपति को तहं ॥ ६० ॥ बात बितीत कहे
भुव भूपति ॥ कृस्न सुनी बहुधा हरखी मति ॥ पूछत पार्थ
हि यों जदु नायक ॥ तैं सुख आजु दयो सुख दायक ॥
॥ ६१ ॥ दोहा ॥ राहा बेध करयो भलो सुनि हो पार्थ सु
जान ॥ गर्ब नवायो करन को मारे कौरव मान ॥ ६
अर्जुन उवाच ॥ सवैया ॥ कष्ट परयो जबही जहं आय
के राखी तहीं सब पैज हमारी ॥ मांरु स्वयंबर द्रौपदी
कै अति कर्णहि गर्ब बढ्यो तहं भारी ॥ जीति कै वीर
धनंजय धीर सु आजु लई बल कै बर नारी ॥ कीज

हौ सरतौ किहि भांति जो होते सहाय न आप मुरारी ॥६३॥
दोहा ॥ भलो दिखानो करण रण यहै सराहै उं ताइ ॥ भीम कहे करु राज हरि बढ़ो बली यह आइ ॥६४॥ मैं अघ वायो जुद्ध मैं धनि दुर्जोधन राउ ॥ हनतो येक निमेष जो करते सबै सहाउ ॥६५॥ चौपाई ॥ धृष्ट दुम्नत सबरी गति जानी ॥ कही पिता सों सब सुखदानी ॥ वे छत्री कुल उत्तम आहिं ॥ नहीं कपरिया जानो ताहि ॥६६॥ हरि हलधर तिन पै चलि आये ॥ देत बड़ाई बहु गुन गाये ॥ यह सुनि भूपति फूल्यौ हियो ॥ बिधना सब मन भायो कियो ॥६७॥ दुपद उवाच ॥ चामर छंद ॥ साजि साजि बाजि राज मत्त दंति गाजि के ॥ चर्म बर्म अस्त्र शस्त्र चीर द्रव्य सजिकै ॥ जायकै अवास द्वार बस्तु सो रखा द्वयो ॥ देखि के तपिनि को सुकर्म मर्म पाइयो ॥६८॥ दोहा ॥ आयसु दीनो भूप जो सोई कीनो जाइ ॥ मंडप छायो विधि सहित मुक्तनि चौक पुराइ ॥६९॥ गीतिका छंद ॥ आइ कै तहां पंच बंधव सकल सो जनि हारियो ॥ नकुल लखि बाजी सराहै पार्थ धनु टंकारियो ॥ भीम फूल्यौ देखि कुंजर खरी सहदेव कर गह्यौ ॥ नृपति सब देखत सराहत हाथ तिन कछु नालह्यो ॥७०॥ देखि या बिधि द्वार भूपति परम सुख हिरदै भये ॥ है देव गंध्रव कहा कोऊ भेष तपसी को लये ॥ बोलि लीने पार्थ भीतर द्रुपद नृप सुख पाइ कै ॥ तब यों कह्यौ हँसि भीम जेठो प्रथम ब्याहै आइ कै ॥७१॥ सुनि भयो बहु संदेह भूपति नीच कोऊ है महा ॥ पंच जन त्रिय एक ब्याहै भूलता बरनो कहा ॥ बोलि पठये व्यास आये कही तिन सो बिधि सबै ॥

एक पति है धर्म पुत्री कही रिषि सों यह सबै ॥७२॥ दोहा ॥ जेठो व्याहै जा त्रियहि लहुरे की है माय ॥ लहुरे की त्रियजेठके सुता बराबरि आइ ॥७३॥ व्यास उवाच ॥ सोम बंश ए पंडु सुत एक जोति मन एक ॥ पूरब जन्म सुरेश ए सुनिये सहित बिबेक ॥७४॥ पंच इंद्र इनि वहि जनम पायो शिव बरदान ॥ पंडु नृपति गृह अवतरे क्षत्री रूप निधान ॥७५॥ रिवि कन्या है द्रौपदी सेये शिव चित लाइ ॥ पंच कला कै देहु बर यह बांछौं सुख पाइ ॥७६॥ दिव्य दृष्टि कै नृपति को दरसायो ब्यौहार ॥ देखे ऐकै जोति तहं पंच इंद्र अवतार ॥७७॥ द्रुपद उवाच ॥ चौपाई ॥ तुम बिन को संभ्रम हि भगावै ॥ तब छिति नायक रिषि गुण गावै ॥ नृप बिवाह की सब विधि ठानी ॥ बोलि जुधिष्टिर सब सुख दानी ॥७८॥ तिन की भांवरि करि नरनाह ॥ फिरि चारों का करयो बिवाह ॥ दुहूं कुलनि की विधि ही जैसी ॥ भांति भांति सब कीनी तैसी ॥७९॥ पंच पुरुष को कन्या दीनी ॥ बिदा दाइजौ दै करि कीनी ॥ हय हाथी पट भूषन घने ॥ दासी दास दिये को गने ॥८०॥ दोहा ॥ लैदल परि गह गृह चले द्रुपद फिरे पहुंचाइ ॥ गये हस्तिना पुर सबै आप सदन सुख पाइ ॥८१॥ सुनि दुर्जोधन के भयो अंग अंग अति दाह ॥ नेक सुहाय न द्यौस निसि चकित चित्त नरनाह ॥८२॥ इति श्री महा भारत पुराणे बिजय मुक्तावल्यां कबि छत्र सिंह बिरचितायां बक दानव बध द्रौपदी बिवाह बर्णनो नाम एकादशो ऽध्यायः ॥११॥११॥

दुर्जोधन उवाच ॥ दोहा ॥ ॐ ॥

ग्राम धाम आपनो लयो पांचो बंधव आय॥ कहो बंधु कीजै कहा इन सों कछु न बसाय॥१॥ बरुण नगर को आदि दै कीने कित्ते उपाय॥ तबहूं मुये न पंड सुत फेरि प्रगट भये आय॥२॥ तपी भेष आये हुते भूप दुपद अस्थान॥ हम काहू जाने नही मारे सब कै मान॥३॥ भीषम बिदुर बुलाय कै बूझे मंत्र सुजान॥ कौन उपाव करैं कहो सो मत देहु निदान॥४॥ भीष्म उवाच॥ अपकारी तुव बंधु नृप उनको कछू न खोरि॥ महा सयानी पवन सुत अवगुन सहै करोरि॥५॥ बरजो अपने संदनि अवगुण करै न कोइ॥ अति सनेह तुमसों उनहि ताही दिन नृप होइ॥६॥ राजा उवाच॥ दोष लगावत हो हमें उन को भलो सुहाइ॥ सकुनि कह्यो यह मंत्र तब बीच बैठि कै आइ॥७॥ कत्त बूझत भीषम बिदुर यहै मानि मन लेहु जो कछु उन को देस है उन्हें आपु सो देहु॥८॥ गयो नृपति धृतराष्ट्र पै सुनि भूपति यह बात॥ सकुनि कही सोई कह्यो पितु के आगे जात॥९॥ बोलि जुधिष्टिर तब कही सुनि विनयो सो मानि॥ रह्यो इंद्र पथ जाइ कै आपु ग्राम उर जानि॥१०॥ चौपाई॥ मानि रजायसु चले नरेशा॥ सुबस इंद्र पथ कीनो देशा॥ मनि मय खचित बने सब धाम॥ मनहु लसत सुरपति के ग्राम॥११॥ फटिक थम्भ की जागति जोति॥ होइ सूर किरन नितैं होति॥ बापी कूप सुनीर तड़ाग॥ दिसि दिसि दीसत सुंदर बाग॥ कल्प बृक्ष से द्रुम मन मोहैं॥ फूले फलैं कहूं रितु सोहैं॥ चंचल हय अति धाम बिराजैं॥ तमके सुत से कुंजर गाजैं॥१३॥ भाट भले बिरदावलि

गावत ॥ जो मन बांछित सोई पावत ॥ भूप जुधिष्टिर आज्ञा होइ ॥ चारों बंधु करत हैं सोइ ॥ १४ ॥ करत सबै आनंद मन भाये ॥ एक दौस नारद मुनि आये ॥ आदर करि बहु आसन दीनो ॥ तब रिषि बचन प्रगट यों कीनो ॥ १५ ॥ तीनिहु लोक जातु हों जहां ॥ अति आतिथ्य करत सब तहां ॥ मेरो बचन नमेटै कोइ ॥ जोई कहों वहै पै होइ ॥ १६ ॥ रिषिरु वाच ॥ तुम हो सोदर पंच सनेह ॥ तरुन द्रौपदी है तुम गेह ॥ मिलि सब बंधव यह मन धरो ॥ मो आगे सब बाचा करो ॥ १७ ॥ जौलों बीति जांय षट मास ॥ एक रहै द्रौपदी अवास ॥ अवधि मांझ दूजो जो जाइ ॥ बारह वर्ष होइ बन ताइ ॥ १८ ॥ सब ही मिलि कै आज्ञा मानीं ॥ स्वर्ग सिधाये रिषि सुखदानी ॥ प्रथम नृपति की बारी भई ॥ पांचाली सज्या पर गई ॥ १९ ॥ द्विज की सुरभी चोरनि लीन्ही ॥ आय पुकार बिप्र तहां कीन्ही ॥ सुनै न कोऊ लगे गुहारि ॥ सो तब धयो पुकारि पुकारि ॥ २० ॥ द्विजउवाच ॥ ॥ छप्पय ॥ क्षत्री कुलहि कहाइ आप जग अपजस लावत ॥ सुरभी बिप्र गुहारि क्योंन तुम पापी धावत ॥ कायर ह्वै कित रहे मूढ़ तुम धामनि गहि गहि ॥ और न जानैं नाम रटै यह अर्जुन कहि कहि ॥ त्रीय काज सुरभि द्विज काज जो नहि इन को उप करहि ॥ द्विज दोष लगै तापुरुष कों घोर नरक में सो परहि ॥ २१ ॥ अर्जुन उवाच ॥ दोहा ॥ रहि रहि बिप्र सुजान तू जागन दै नरनाथ ॥ बिनती करि तबही चलों लै कृपान धनु साथ ॥ २२ ॥ सोरठा ॥ धनु न हमारे हाथ धरो सबन

में विप्र तहें ॥ द्रुपद सुता नर नाथ पौढ़े ताही धाम में ॥२४॥ त्रोटक छंद ॥ द्विज एकहु बात नमानतु है ॥ सुख बैन कुबैनन आनतु है ॥ रचि कै सब बात बनाव न छोडहु ॥ लहि पाप महा सिर आपहि ओडहु ॥ डरि आपहि सो अकुलाइ मनै ॥ चित में द्विज को अपमान गनै ॥ नृप धाम गयो धनु बानु जहां ॥ दृग ओझिल बाद दई जु तहां ॥ तबही वर बीर चल्यौ धनु लै ॥ मुकराइ दई सुर भी बतु लै ॥ रिषि नारद बैन धरै मन में ॥ हित तीरथ वेगि चलो बनमें ॥ २५॥ अब-लोकि सुदेव नदी जबही ॥ हित मज्जन पत्थ धसौ तबही ॥ लखि नाग सुता लगि दृष्टि रही ॥ अवलोकि तहीं तब बांह गही ॥ २६॥ गहि ताहि पतालहि लै सु गई ॥ वह ब्याल सुता अति मोह भई ॥ तुम तो वर ईश्वर मोहि दये ॥ अति निठुर क्यों तुम नाह भये ॥ २७॥ अर्जुन उवाच ॥ रिषि नारद को हम बैन लसौ ॥ अब या विधि तीरथ पत्थ गह्यौ ॥ व्रत भंग महा तिय अंक भरै ॥ बहु तीरथ की हम जात करै ॥ २८॥ यह अपने जी महं नेम धरों ॥ फिरि तो कहं सुंदरि आइ वरों ॥ इमि ब्याल सुता तब बात कहै ॥ इहि भांति नहीं तुव धर्म रहै ॥ २९॥ चलि हो मम बैन नसाइ जबै ॥ पुनि जाय अकारथ धर्म सबै ॥ पुनि ता संग पत्थ बिवाह भयो ॥ तहं केतिक द्यौस बिराम लगो ॥ त्रिय नाम उलूपिहि गर्भ भयो ॥ सुत मन्मथ ज्यों अवतार लयो ॥ उर तीरथ की तब सुद्धि भई ॥ कहि पत्थ तबै गहि बाट लई ॥ ३०॥ उलूपी नाग कन्या उवाच

सुनु प्रान पती इक बात कहौं॥किहि भांमिनि हौं कुप्रालात सहौं॥द्रुम दाडिम को दरसाद्द दयो॥ज व जान्हु जू यह सूखि गयो॥३२॥दोहा॥तब संदेह भो प्राण को कीजो नागरि नारि॥आयो निकसि पतालते तीरथ हेत्त विचारि॥३३॥सोरठा॥ नैमि षार चलि जाय परसि वनारस को गयो॥वाराणसी न्हाय गया तृपत्ति कीने पित्तर॥३४॥ दोधक छंद॥सागर संगम गंगा गये जू॥दौस कित्त वनमें बिनये जू॥न्हाइ तवै मथुराहि चले जू॥ देखत आश्रम कुंड भले जू॥३५॥न्हाइ न ताजल में नर कोई॥जाइ लखै फिरि आवत सोई॥ बिप्रनि कों लखि पार्थ कही यों॥पैठत कोऊ न मध्य कहो क्यौं॥३६॥बिप्र उवाच॥यामें जंतुर है अतिभारी॥सोजरा जीवन को दुख कारी॥पार्थ नहीं कछु त्रास कस्यौ जू॥लै पग ता जल मांझ धस्यौ जू॥ ॥३७॥आय गह्यौ पग ता छिन मांही॥अर्जुन के उर भै कछु नाही॥लै जल ते वह बाहर आनी॥ ह्वै गइ सो त्रिय रूप सयानी॥३८॥अर्जुन सो वह बैन कह्यौ जू॥श्रापदियो रिषि पाप गयो जू॥ता जल ते तिय पांच कढी यों॥मान सरो वर इंदु त्रिया - त्यौं॥३९॥दोहा॥पांच त्रियनि को मोक्ष करि चलि अर्जुन बर बीर॥तज्यो द्वार मग तव गयो मानिक पुर रण धीर॥४०॥सोरठा॥त्रिय वाहु बर बाहु जीत्यो क्षिति मंडल घनो॥राजैं तहं नरनाह सकल जगत को काम तरु॥४१॥दोहा॥ताके दुहिता

इंदु मुखि चित्रांगदा सु नाम॥ रूप बहि क्रम उर व
सी बिज्जुल तासी बाम॥ ४२॥ सोरठा॥ कनक बरण
तन ज्योति लसत नील पट ओट ज्यों॥ जगर मगर
दुति होति मानो घन में दामिनी ॥४३॥ नाहि निमिष
इक ताकि बिकल सकल जिय कल नहीं॥ रह्यौ पार्थ
मनि थाकि करी बसीठी बंदि जन॥ ४४॥ गीतिकाछंद
जाय नृपको तब जनायो ब्याह अर्जुन को भयो॥
मन दंती दिये बाजी द्रव्य बहु कंचन दयो॥ चारि
बर्षहि रहे ताथल पुत्र इक अर्जुन लह्यौ॥ जाहु ती
रथ जात को नर नाह सों तिनि यों कह्यौ॥ ४५॥ नाय —
माथो भूप को चलि द्वारका नगरी गयो॥ पाय सुधि
आये कृपा निधि दुःख सब के उर भयो॥ रुक्मिनी दै
आदि सब त्रिय ताहि भेटन आइयो॥ चली कौतिक
हित सुभद्रा निरखि बहु सुख पाइयो॥ ४६॥ सोरठा॥
चंचल नैननि ताकि माने पट चहुँ दिसि लखिन॥ —
रही पार्थ गति थाकि परि फंदा तर फैसफर॥ ४७॥
दोहा॥ नख सिख सकल बनी ठनी करै सकल सिं
गार॥ धीर रह्यो नहि पार्थ उर ब्याकुल तन न सम्हा
र॥ ४८॥ चौपाई॥ सबहि सुभद्रा अर्जुन देख्यौ॥ अ
पनो पति करि उर में लेख्यौ॥ प्रिव सेवा को यह सब
सार॥ दीजो मोहि पार्थ भरतार॥ ४९॥ यह सब —
बिधि श्रीहरि पहि चानी॥ तब यह अपने उर में
आनी॥ गर्भ सुभद्रा को यह भयो॥ जठर बासु म
हि दानव लयो॥ ५०॥ दीजै पार्थहि मिटै कलंक॥
श्री हरि आनी यह बुधि आंक॥ बोलि पार्थ सों यह

तब कही ॥ बसि तुम मन हैं सुभद्रा रही ॥ मैं आज्ञा दीनी हरि लेहु ॥ पाछे ह्वैहै अधिक सनेहु ॥ हरी कुमारि अर्जुन सुख पाय ॥ भई सुद्ध अंतहपुर जाय ॥ ॥५२॥ दोहा ॥ कोप भयो बलभद्र को अब अर्जुन कित जाय ॥ लाऊं गहि कै द्वारिका छांडौं भीखमंगाय ॥ ५३ ॥ कोपि चल्यौ सजि सैन बहु बरजे श्री हरि आइ ॥ को पारथ के सरस है क्यौं रण जीत्यौ जाइ ॥ ५४ ॥ हारे होय कलंक कुल जीते हू जस नाहि ॥ तातें कोपहि परिहरो चलौ द्वारिका जाहि ॥ ५५ ॥ बलभद्र उवाच ॥ तेरी यह करतूति सब कछू न जानी जाय ॥ फेरि न कछु उद्यम कियो बैठि रहे अरगाय ॥ ॥५६॥ आये अर्जुन इंद्रपथ भूपति बहु सुख पाइ ॥ लई सुभद्रा गेह में मंगल चार कराइ ॥ ५७ ॥ पुत्र बधू कुंती लखी बहु विधि करि आनंद ॥ शुभ लक्षण गुन आगरी मुख दुति राका चंद ॥ ५८ ॥ चौपाई ॥ यह बिचार श्री हरि जू कस्यो ॥ सबही सों ऐसे अनु सस्यो ॥ चलो इंद्रपथ जइये भाई ॥ जाय पार्थ को करैं सगाई ॥ ५९ ॥ लीनि गज रथ तुरी तुषार ॥ जात रूप भूषन भंडार ॥ हरि हलधर सब संग लिवाई ॥ पहुँचे बेगि इंद्र-पथ आई ॥ ६० ॥ पार्थहि बिहँसि सुभद्रा दई ॥ भामरि पारि रीति सब ठई ॥ हस्ती हय रथ भूषण दीने ॥ जाचक सबै अजाची कीने ॥ ६१ ॥ दोहा ॥ करी बिदा बलभद्र की नगर द्वारिका हेत ॥ आपु कृपा करि हरि रहे भूपति के संकेत ॥ ६२ ॥ गर्भ सुभद्रा को भयो पुत्र कला जनु चंद ॥ नाम धस्यो अभिमन्यु तब की

न्ह परम आनंद ॥६३॥ द्रुपद सुताके पंच सुत एमार भये सुख कारि ॥ मात एक पितु पांच तें पांच हुं की अनुहारि ॥ ६४ ॥ दुरजोधन संप्राय कियो रची कहा करतार ॥ हते अकेले पंच वे अब बाढ्यौ परिवार ॥ ६५ ॥ इति श्री महा भारत पुराणे बिजय मुक्तावल्यां कबि छत्र सिंह बिरचितायां सुभद्रा बिवाह बर्णनो नामद्वादशोऽध्यायः ॥ १२ ॥

॥ सोरठा ॥ खेलत पासे सार अर्जुन कृस्न अनंद सों ॥ डारत दांव हंकारि अपनो अपनो भाषि कै ॥ १ ॥ अ॰ ॥ भुजंग प्रयात छंद ॥ धसो बिप्रको रूप यों अग्गिनि आने ॥ दुखी दीन ह्वै कै महा रोग छाये ॥ तहां आय के दीन बानी बखानी ॥ हरो पीर मेरी महा दुःख दानी ॥ २ ॥ कहै अग्नि मोको छुधा नेक नाहीं ॥ दया आप की जै महा जीव माहीं ॥ किते यत्न करि इंद्र को बिप्र जारयो ॥ महा कोपि कै नीर सों बोरि मारयो ॥ ३ ॥ सबै और को मैं भरो सो नसायो ॥ चल्यो हौं अबै रावरे पास आयो ॥ दहों काननै इंद्र को बीर जैसो ॥ महा रोग नासै करो काज तैसो ॥ ४ ॥ चले कृस्न जू पार्थ-को संग लीने ॥ बनै जारिबे को सबै काज कीने ॥ तबै अग्नि सों पार्थ बानी बखानी ॥ धनुर्बान नाहीं सुनो सुख दानी ॥ ५ ॥ दोहा ॥ अछय तून दीनो अगिनि आप काज पहिचानि ॥ दियो धनुष गांडीव तब नंद घोष रथ आनि ॥ ६ ॥ साजि दयो रथ अर्जुनहि तबहीं श्री जदु राय ॥ पूरब दिशि पठयौ सुभट पावक सामें जाय ॥ ७ ॥ आप रहे पश्चिम दिशा छाइ लई दिशि चा

न॥जीव जंतु ता बिपन में भाजि न पावैं जान॥८॥पूरब तें साजी अगिनि अर्जुन परम प्रचंड॥दीन शब्द रोवें सबै सावज्ज पंछि अखंड॥९॥जीव पुकार दीन रट - सुनि सुरपति सुख दाय॥तुव बन जारै अगिनि यह - यह कत तोहि सुहाय॥१०॥प्रलय काल के मेघ जे ते - बोले सुर राइ॥कोटि छानवैं एक संग बरसहु बन पर जाय॥११॥

उनै आये मेघ नभ तम चारों दिशि छाय ॥ बरसीह लखि पार्थ तब लीनो धनुष चढ़ाय॥ १२॥ सवैया ॥ धाय कै पार्थ चढ़ाय लयो धनु छाड़ लयो बर अंबर बाणन॥ दौरि दवा गिनि लागि उठी द्रुम जारन साख समूल स्पानन ॥ कोपि महा मघवा बरस्यो कहूं एकहु बूंदन भीजत कानन ॥ व्यौम बिलोकत अद्भुत कौतुक किन्नर यक्ष चढ़े सुबिमानन ॥ १३॥ दोहा ॥ द्वादश जोजन लौं बिपिन करैं बूंद नहिं एक ॥ कोटि छ्यानवें जलद मिलि उद्यन किये अनेक ॥ १४ ॥ ससे स्यार साबर सुवर सेही सिंह संकोच ॥ सारे सुक सोना सबै सकल सिवाननि सोच ॥ ॥ १५॥ चिरा चील्ह चिमगादरें चातक चक्र चकोर ॥ रजत न उबरत जीव सब बचत न काहू ओर ॥ १६॥ दंडक छंद धाय धाय मेघ बर छाय छाय छिति पर बरसि बरसि हरि भागे भहराय कै ॥ झरपि झरपि झर तरपि तरपित हां जित तित नीर गये ढरि छहराय कै ॥ तरू तरू लगि आगि बरत न उबरत भागि भागि पंछी पशु बचे न पराय कै ॥ छन बलवंत बीर पार्थ को अनंत बल अगिनि तृपत कियो कानन जराय कै ॥ १७ ॥ दोहा ॥ सुनि सुनि बन की यह दशा तब कोप्यो सुर राय ॥ हन्यो बज्र बाण बली टूटि परी खंड राय ॥ १८ ॥ चौपाई ॥ अर्जुन बाण लये फिरि छाई ॥ बूंद न परत कहूं बन आई ॥ सर पंजर तोरयो दस बार ॥ जोरे पार्थ बढ़े आकार इहि बिधि बन खांडव हि जरायो ॥ भाग्यो मया सुर दानव आयो ॥ राखु सरनि यह असुर पुकारै ॥ मोहि अगिनि मम जारै मारै ॥ २० ॥ दई दिलासा राख्यो

सोइ ॥ छांड़ि त्रास तोहतें न कोइ ॥ असुर कहै सुनि पार्थ सयाने ॥ तेरे करम नजाय बखाने ॥ २१ ॥ मायासुरउवाच ॥ दोहा ॥ जितने त्रिभुवन में असुर हैं तिनको श्रुति धार ॥ जब चाहै तब आइहों करों काज सब सार ॥ २२ ॥ बिदा करी अर्जुन सुभट असुर चल्यो सो धाम ॥ एरई पावक कानना सब बिधि के गुण-ग्राम ॥ २३ ॥ आये सुरपति पुहुमि में बिग्रह सकल नसाई ॥ सुतहि देखि कछु सुख भयो कछु मन में पछि ताइ ॥ २४ ॥ इंद्र सिधाये सुर पुरी चले पार्थ-ग्रह आपु ॥ चले इंद्र पथ हंस जू जिनको अमित प्रताप ॥ २५ ॥ निरखि युधिष्ठिर भूप तब कही परम सुख पाइ ॥ श्री जदु नाथ प्रताप ते तैं जीत्यो सुर राइ ॥ २६ ॥ गहि है कोऊ धनुष नहि तोको-सुनि बल बंड ॥ पूरि सुजस धर पर रह्यो सप्त दीप नव खंड ॥ २७ ॥ द्वारावति को तब गये बिदा भये जदु नाथ ॥ हंस भूपति के निकट ही सोभित बंधव साथ ॥ २८ ॥ राजा युधिष्ठिर उवाच ॥ सोरठा ॥ रचिये धाम बनाय उत्तम दीसै दूरि ते ॥ बहु बिधि चित्र कराय धवल नवल कीनी सभा ॥ २९ ॥ अर्जुन उवाच ॥ चौपाई ॥ जो तुम भूपति आयसु पाऊं ॥ नाम मया सुर बेगि बुलाऊं ॥ राजाउवाच ॥ बेगहिं बंधव ताहि हंकारो ॥ उत्तम उत्तम धाम संवारो ॥ ३० ॥ सुधि मया सुर की उर आनी ॥ आय गयो तबही सुख दानी ॥ आवत ही तिन भूपति देखे ॥ धर्म धुरंधर चित्र बिसरखे ॥ ३१ ॥ इति श्री महा भारत पुराणे

बिजय मुक्ता वल्यां कवि छत्र विरचिता यां इंद्र बन खां डीव दहनो नाम त्रयो दशो ऽध्यायः ॥ १३॥ ॥ ॥

इति आदि पर्व्व समाप्तं अथ सभा पर्व्व कथनं॥ दोहा ॥

धर्म धुरंधर तिहि छिनक धर्म सुवन भुव भूप॥ कही मया सुर असुर सों कीजे सभा अनूप ॥१॥ नगसरूपिनी छंद॥ नवाय सीस बेगि कै॥ चल्यो सु बीर चित्ति कै॥ समुद्र पास सो गयो॥ सुधाम सीस कै लयो॥२॥ दोहा॥ हरना कुप्प को सदन सो लीनो तिन धरि सीस॥ लै आयो सो इंद्र पथ लखि फूले अवनीस॥ ३॥ सवैया सुंदर लील रंगीले खरे अरु पीरे हरे रचि धाम बनाये॥ मानिक लाल निके बहु जाल प्रबाल नि के खचि थंभ सुहाये॥ स्वच्छ सिला जनु दीसत नीर बने चकवा जनु पैरत धाये॥ है अमरावति तें अति अद्भुत सुंदर सदन सबै छबि छाये॥ ४॥ दंडक छंद॥ सोभा ही के सार तहां फाटक किवार बने के ते द्वार द्वार जिनै देखे बुधि भरमें॥ दिये है कि दिने है बिचारत ही भूलि रहे जानि ये सनीर पै नीर नाहीं सरमें॥ धामनि के बीच निधी चनि मरीचि कानि एजति है नीलमनि छत्र घर घरमें॥ भूप की सभा की आभा कौन सों बखानि कहै ऐसी दुति नाहीं कहूं इंद्र के नगर में॥ ५॥ दोहा॥ पट हीने से देखिये दिये नपट तिहि द्वार॥ जे सर बर है नीर जुत पृथ्वी के आकार॥ ६॥ मन भायो है के सबै गयो मया सुर गेह॥ भूपति बैठे तिहि सभा बंधुनि सहित सनेह॥ ७॥ चौपाई॥ ऋषि नारद भूपति पै

आये॥ निरखि सभा बहु विधि गुन गाये॥ ऐसी सभा नमैं
कहुं देखी॥ सब ठामनि में उत्तम लेखी॥ ८॥ रिषिरुवाच
सवैया॥ किन्नर जक्ष पुरी अवलोकत धर्म पुरी अव
लोकत फीकी॥ भोगावती अवलोकि सबै सु बिलोकि
सुरेश पुरी सुखही की॥ भूपति भूपन के धन धाम बि
लोकि फिसो नभई रुचि जीकी॥ और सभान सभा
सम लागति रावरी आहि सभा अति नीकी॥ ६॥
राजाउवाच॥ दोहा॥ तीन भुवन की बात सब जानत
हौ रिषि राय॥ सुद्धि कहो नृप पंडु की [illegible] सक
ल सुनाय॥ १०॥ रिषिरुवाच॥ चौपाई॥ सुनि [illegible]
पति बहु सुख दाई॥ [illegible] पै कही नताई॥ -
निरखत पंडुहि भयो ससोकू॥ भई कुमृत्यु गयो -
जम लोकू॥ ११॥ जज्ञ करो मिटिहै सब दोष॥ पंडु
मही पति पावै मोष॥ बिलखै भूपति बहुदुख पाइ
दै उपदेश चले रिषि राइ॥ १२॥ जज्ञ राज सू भूपति
कीजै॥ भूप [illegible] जग मैं [illegible] लीजै॥ जज्ञ बिधा
न सकल अनुसरै॥ एक राय ते रक्षा करै॥ १३॥
चंदन गारै छिति पति एक॥ एक ते लावै समिध-
अनेक॥ सहस्र धेनु सुलक्षन जुत देहु॥ पितु को -
तारि जगत जसु लेहु॥ १४॥ भूपति के मन चिंता
आई॥ जिनके श्री हरि सदा सहाई॥ यह कहि
नारद स्वर्ग सिधाए॥ [illegible] भूपति श्री हरि
आए॥ १५॥ रिषि [illegible] महीप सुनायो॥ ज
ज्ञ करो उन मोहि बतायो॥ श्री हरि कह्यो मतो
यह कीजै॥ [illegible] जग [illegible] जस लीजै॥ १६॥

तिन नर मेध यज्ञ है नाध्यौ ॥ ता हित भूपति को गन बांधौ ॥ एक घाटि सौ ऋधि पति रोके ॥ परे बंदितें मह ससोके ॥ १७ ॥ मारि ताहि हौं बंदि मिलाऊं ॥ सोक वंत सब भूप छुटाऊं ॥ भीम सेन अर्जुन संग लाए ॥ रूप क परिया के तिन ठये ॥ १८ ॥ नगर राज गिरि चलितें गये ॥ दुर्गम ठाम बिलोकत भये ॥ मध्य नगर के लागे जान ॥ बाजन बाजे हने निसान ॥ १९ ॥ जज्ञ थली भूपति हो जहां ॥ लागे जान सबै मिलि तहां ॥ रक्षक हुतौ मल्ल तिहिं द्वार ॥ बिन बूझें क्यौं चले अगार ॥ २० ॥ दोहा ॥ तिन कर पकर्यो भीम को दाहन क्यौं हूं जान ॥ तुम सों कछु सर बर नहीं कहत न बनई आन ॥ २१ ॥ भिर्यो मल्ल सो भीम सों कीनो अद्भुत जुद्ध ॥ पवन पुत्र के उर हन्यो मुदगर बहु करि क्रुद्ध ॥ २२ ॥ लरखराय भूतल गिर्यो पार्थ पछार्यो आइ ॥ चेति भीम करि क्रोध अति हन्यो गुरज उर धाइ ॥ २३ ॥ फेरि बली बर बाहु बल डारी भुजा उखारि ॥ कर्यो दुष्ट सो प्राण बिनु फटिक सिला सों मारि ॥ २४ ॥ कर्यो प्रणाम महीप को जज्ञ थली में जाइ ॥ देखत ही संदेह करि यों बोल्यो भुव राय ॥ २५ ॥ आय तपी के भेष तुम देखत बहु बल वंड ॥ मांगो जो मन कामना सोई देहुं अखंड ॥ २६ ॥ श्री कृष्ण उवाच ॥ दोधक छंद ॥ मांगत जुद्ध महीपति दीजे ॥ जी महं और बिचार न कीजे ॥ तीनहुं में जो आयसु पावैं ॥ सोई तुम सों जूझ न आवै ॥ २७ ॥ भूपति कृष्ण तहीं पहिचानें ॥ बैन

तिनुका फारो देखत नैन ॥ ३८ ॥ समुझि सैन कोप्यो बल
बीर ॥ दूनो ह्वै गयो फूलि शरीर ॥ जरासंध भुव पटकि प-
कारि ॥ दीन्हे फांक बीच ते फारि ॥ ३९ ॥ सोरठा ॥ सबरे
राजा राय मुकराये तब बंदि तें ॥ छूटि चले सुख पाय
जो पंछी पिंजरानि ते ॥ ४० ॥ छंद ॥ राजा उवाच ॥ जय जय
नंद नंदन दुष्ट निकंदन जय जग बंदन गरुड़ासन ॥ भव
भय मोचन जन मन रोचन दुखविमोचन [illegible] ॥ स
ज्जन मन रंजन दुष्ट निकंदन परम निरंजन जग करता ॥
साधु निवारो दुष्ट संहारो मारयो लोकनि के हरता ॥
॥ ४१ ॥ दोहा ॥ हरि गुण गावत भूप सब गये आपने धाम
॥ जरासंध सुत बोलि कै सुरासंध तिहि नाम ॥ ४२ ॥
नगर राज गिरि को तिलक कीनो ताके सीस ॥ अर्-
जुन भीमहि संग लै चले तिहूं पुर ईश ॥ ४३ ॥ दुरा

संधु उवाच ॥ छपै ॥ कैटभ मधु मुर हरण धरन नख अग्र -
शैल बर ॥ हिरना कुश हिरनाक्ष हरण प्रभु रदन धरणि
धर ॥ संखा सुर संहरण हरण हरि अधक बंधहि ॥ खर
दूखन नपु भंजि गंजि भंजन दश कंधहि ॥ गज राज का
ज प्रहलाद ध्रुव दया सिंधु असरण शरण ॥ नमो नमो
कबि छत्र कहि सुनारायण जग उद्धरण ॥ ४४ ॥ दोहा ॥
चलि हरि आये इंद्र पथ ताको दैके राज ॥ भूप युधिष्टि
र सुख भयो भये सकल मन काज ॥ ४५ ॥ श्री कृस्नउ
वाच ॥ पठयो बंधव आपने जीतिहि चहुं दिशा देश ॥
गये कृस्न तब द्वारिका यह कहि के उपदेश ॥ ४६ ॥ ❋
इति श्री महा भारत पुराणे विजय मुक्ता वल्यां कबिछ
त्र बिरचितायां जरा संध युद्ध बर्णनो नाम चतुर्दशो
ऽध्यायः ॥ १४ ॥

॥ दोहा ॥ करी कृपा चारों अनुज भूपति लये बुलाय ॥
कह्यो करो सब दिग बिजय दिश दिश जीतहु जाय
॥ १ ॥ भीम सेन पूरब गये उत्तर पार्थ सुजान ॥ सहदे
व दक्षिण गये पश्चिम नकुल पयान ॥ २ ॥ दिशा दिश जी
ते जाय सब आने बांधि महीप ॥ कीरति सो छाई ध-
रा धल थल जंबू दीप ॥ ३ ॥ चौपाई ॥ सब बंधव नृप
अंक मिलाए ॥ समदे नकुल द्वारिका धाए ॥ करी बि
नय कृस्नहि लै आये ॥ नगर इंद्र पथ भये वधाये ॥
॥ ४ ॥ आये दुरजोधन गुण ग्राम ॥ अतुल रूप ताको
संग्राम ॥ कीने सकल जज्ञ के साज ॥ बोले तहां स
कल रिषि राज ॥ ५ ॥ छपै ॥ आये गौतम व्यास अ
त्रि पारासर आए ॥ बिश्वा मित्र बशिष्ट गर्ग शृंगी रिषि

धाये॥ बालमीकि दुर्बास जासु मति पारुन लहिये॥बहु
रि सुभद्रक द्रोण और नारद मुनि कहिये॥ कवि छत्र-
अठासी सहस रिषि सकल जुरे भूपति भवन॥जज्ञस्थ
ल लागे सबै बेद ध्वनि द्विज उच्चरन॥६॥ सोरठा॥भूपति
के चित चाउ रक्षक कीने सब नृपति॥दुरजोधन भुव-
राउ भंडारी सोभित तहां॥७॥दोहा॥जहां चाहिये एक
तहां द्वै दुरजोधन दानि॥ऐसौ होइ भंडार ज्यों सो राजै।
मनजानि॥८॥ जितौ लुटावै भूप धन दूनो दूनो होइ॥
देखि भरौ भंडार तब भूलि रह्यो सब कोइ॥९॥चौपाई॥
कीनो गर्ब जुधिष्ठिर राइ॥कौन आजु मेरी सर आइ॥
धनि हौं जाको भरो भंडार॥यहै सकल बस्तुनि मैं सार॥
॥१०॥कीनो गर्ब कृस्न जब जान्यो॥ यह बिचार आपने
उर आन्यो॥ कर्ण राय भंडारी कीनो॥बेगि द्रव्य ह्वै ग
यो जो हीनो॥११॥ सोरठा॥ चिंता करि नर नाह बिस्वं-
बर सों यों कही॥सुनिये त्रिभुवन नाह ऐसौ भयो-
भंडार सब॥१२॥ श्री कृस्न उवाच॥ दोहा॥ तैं कत
कीनो गर्ब मन कमल हस्त कुरु राइ॥ घटै घटावै
द्रव्य नहिं जो वह देइ लुटाइ॥१३॥ दंत करण के
कंपि उठे संके गिरि वर मेर॥है कुरु राजहि करण
को इतनोई नृप फेर॥१४॥ अज्ञा अर्जुन को दई
लंका को तुम जाउ॥जीति लंक पति को सुभट ब
हु सुबरण लै आउ॥१५॥ सवैया॥ धाय कै जाय-
चढ़ाय लयो धनु सागर बाणनि छाय लयोई॥को
रव मैं बहु बाहु परा क्रम मारग लंक को बीर कि
योई॥ माइ के गर्ब निसाचर नाथ को घोर अहंकनि

शिशुपाल
मंडप
अग्नि
कुंड
राजायुधिष्ठिर

मी हुती कृस्न जंही मर जाद हुतैं बढ़ि भाखी॥ चक्र हन्यो शिशु पाल के सीस सभा मह रंचक कानि न राखी॥ २६॥ दोहा॥ सबकै उर संका भई सब कंपे भुव राय॥ जय जय जय भाषत भये जय जय त्रिभुवन राय॥ २७॥ प्रथम तिलक हरि सिर कस्यो फिरि भूपनि के सीस॥ बिधि सों सब पहि राय के कीने बिदा छितीस॥ २८॥ इति श्री महाभारत पुराणे बिजय मुक्ता वल्यां कवि छत्र सिंह विरचितायां शिशु पाल बधन बर्णनो नाम पंचदशोऽध्यायः

॥ १५॥ सोरठा ॥

दुर जोधन भुव राय न्योति बुलाये इंद्र पथ॥ कर्ण सहित सुख पाय आदर कीनो धर्म सुत॥ १॥ सुंदर मंदिर चाहि भूलि रहे कौर व सकल॥ जनु अमरावति आहि आखंडल सो धर्म सुत॥ २॥ दोहा॥ जब भीतर को नृप चले सर बर सों चित चाहि॥ जानत अमित अगाध जल पै तहँ नीर न आहि॥ ३॥ दोहा॥ बसन उठाये आप नृप भस्यो फटिक के ताल॥ गयो गर्ब सो सदन लखि भयो बिकल बेहाल॥ ४॥ आगे सर वर बावरी नीर न परै लखाय॥ जानि भूमि धोखो परयो जल अगाध में जाइ॥ ५॥ दर वाजे दीने हुते उज्जल फटिक कपाट॥ तिहि मारग अवलोकि कै लीनी सोई बाट॥ ६॥ तासा रग कुरु राजके लागी चोट लिलाट॥ तब आगे सहदेव ह्वै नृपहि सहाई बाट॥ ७॥ निरखि भूप की यह दशा पंच बीर मुसिकाइ॥ अरु हंसि द्रुपद सुता गई रह्यो नृपति मुरझाइ॥ हिम कर हत जैसे नलिन त्यों भूपति मुख देखि॥ उतराये भीजे बसन आद

र कियो बिशेषनि ॥९॥ बैठारे भूपति सभा धर्म पुत्र तिहि काल ॥ रच्यो अखारो नृत्य को बोलि गुनिन के जाल॥१०॥ आनी अर्जुन जीति कै उत्तर तें जे बाल ॥ भीम जीति-पूरब लई तें आंई तिहि काल ॥ ११ ॥ जीति नकुल सह देव बर आनी हीं जे नारि ॥ नृत्य हेत आगे नृपति ते सब लई हंकारि ॥ १२ ॥ सोरठा ॥ नृत्यत त्रिय बहु भाय सुर पति रति उलथा सहित ॥ उपमा दीजे काहि मानहुं रंभा उर बसी ॥ १३ ॥ दोहा ॥ इंद्रपुरी सम सो सभा धर्म पुत्र सुर राय ॥ नृतत त्रिया मनु मेनका तिलोत्तमा छबि छाय ॥ १४ चौपाई ॥ देखि सभा आए ज्यौं नार ॥ जेवत षटरस भोजन सार ॥ भांति भांति के व्यंजन आने ॥ नामी कहां लगि कौ न बखाने ॥ १५ ॥ जेइ उठे तब दीनो पान ॥ गये गेह तब बुद्धि निधान ॥ महा मलिन मन कछु न सुहाइ ॥ सब बंधुन सों कह्यो बुलाइ ॥ पंडु सुतन को कहु मत कीजै ॥ कहो तो देश निकारो दीजे ॥ मारत सब बिधि मेरो-मान ॥ देश तजें सो करो सयान ॥ १७ ॥ चलि धृत राष्ट्र भूप पै गये ॥ पंडु सुतन बहु धा दुख दये ॥ तब जेठे पितु मोर अंदेश ॥ पांचों बीरनि छूटे देश ॥ १८ ॥ धृत राष्ट्र बाच ॥ दोहा ॥ जब पांचों बालक हुते दीने दे-श निकारि ॥ भ्रमत फिरे बन बीथि कनि रह्यो सहाइ मुरारि ॥ १९ ॥ मन न बिचारो दुष्ट ता कारज भलो न एहु ॥ कह्यो मान मेरो उन्है जीव दान किन देहु ॥ २० ॥ यों सुनि कै उत्तरे नृपति आये आपने गेह ॥ सकुनि दुसासन क-र्ण तहां बोले सहित सनेह ॥ २१ ॥ दुष्ट चौकरी जुरि तहां कहै बिचारि बिचारि ॥ सो कीजै पांचो अनुज

दीजे देश निकारि ॥२२॥ सकुनि उवाच ॥ मंत्र विचारो एक मैं आपु मानि मन लेहु ॥ भूप इनको जूप में देश निकारो देहु ॥२३॥ जो विरोधि इनको करौ यदि शल्यानि सहाउ ॥ भूप जीति हो आजुके लहि नबधौं हू लाउ ॥ ॥२४॥ दोधक छंद ॥ मंत्र महीपति के मन आन्यो ॥ सत्य-यही अपने उर आन्यो ॥ भीषम कर्ण तहां तब बोले ॥ बुद्धि कपाट हृदय के खोले ॥२५॥ द्रोणादि आदि सबै चलि आये ॥ भेद सबै तिनको समुझाये ॥ ऐसो मंत्र कछू प्रति धारो ॥ भूप जुधिष्ठिर देश निकारो ॥२६॥ विदुर उवाच ॥ दोहा ॥ जौ लगि उन को भूप सुनि त्रिभुवन नाथ सहाइ ॥ तौ लगि काहू की कछू कैसे हू न बसाइ ॥२७॥ द्रोण उवाच ॥ दंडक छंद ॥ देखि कै परायो कछू कीजिये न अनरायो दावे बिना दायो किये हैहै महा हानिये ॥ ऐसो अबिबेकी है कुटेव टेव टेकी जिहि नेक हू तो त्रास हरि जूको उर आनिये ॥ साजत है काज तू कसाई अघ दाई कैसो हैहै अपजस यह नीके उर आनियें ॥ बंधुन सो कीजे कोऊ द्रोह उर कोह छांडो कीरति कलित जाते भूप [illegible] बखानिये ॥ ॥२८॥ दोहा ॥ पर द्रोही और कृत घनी ते अंतक बस होत ॥ दीजत नर्क अघोर में जिते संसारत गोत ॥२९॥ सुनि नृप मौन उत्तर दियो बचन कह्यो गुरु घोर ॥ मन लो लाग्यो चित्त में चितये भीषम-ओर ॥३०॥ भीषम उवाच ॥ खेल कपट को नासजो हैहै मूल बिनास ॥ बाढ़े बंधु बिरोध अति हैहै जग उप हास ॥३१॥ छप्पै ॥ जिनसे सोइ धर्म जहां

पारखंडहि कीजे ॥ बिनसै सोई प्रीति जहां हांसी मन दीजै ॥ बिनसै सोई पुत्र लाड माता पितु मंडहि ॥ बिनसै सोई वंश आप कुल करनी छंडहि ॥ बिनसै सो धन बेगही धन होते जो रिन करै ॥ सुन सुमति मारग चलो कुमति कलह नृप परि हरै ॥ ३२ ॥ बिनसै सोई बिप्र जो न षट् कर्महि साजै ॥ बिनसै मंदिर बेहि निकट सावर के राजै ॥ बिनसै सोई कथा जौन तामहं मन दीजै ॥ बिनसै सोई काज जहां पर आसा कीजे ॥ बिनसै सोई नारि प्रचंड गृह-सकल कुमति गति परिहरो ॥ सिख सीख भूप भीषम कहै सु नृप नाहि मंडल करो ॥ ३३ ॥ बिनसै सोई बधिक दया जाके उर आवै ॥ बिनसै तस्कर वेहि भेद आपनो जतावै ॥ बिनसै सोई नेह कपट जो उरमें धरिये ॥ बिनसै सोइ ब्योहार नीच सों जो कछु करिये ॥ बिनसै द्विज सेवा करत बिनसै द्रुम सरिता निकट ॥ इहि भांति सीख भीषम कहै [illegible] भूपति आगे सुघट ॥ ३४ ॥ दोहा ॥ तजो जूप की चाहि सब [illegible] कहै संसार ॥ है है कलह कुटुंब में रखि राखी करतार ॥ ३५ ॥ धर्म पुत्र को भूप जो आयसु देहु बुलाइ ॥ बचन न मेटै रावरो जुठि कानन को जाइ ॥ ३६ ॥ भीषम के यों बचन सुनि भूपति गयो अवास ॥ आप बुलाये अनुज सब हित कै अपने पास ॥ ३७ ॥ पास रजाय सु शकुनि तब रच्यौ कपट को जूप ॥ निरखि करन रबि पुत्र को यों बोल्यो तब भूप ॥ ३८ ॥ आनहु बोलि जुधिष्ठिरहि यों बोल्यो सुख पाइ ॥ कपट जूप में खेलि कै लेहौं सबहि हराइ ॥ ३९ ॥ करण गयो चलि इंद्र पथ कह्यौ

लाइ॥९०॥बंधव चारौं जोरि कर ठाढे भये सुजान॥का-
रण सब ही काज के कीजे काहि समान॥९१॥नाहि-
न वाहन उपन ह्यौ उत्तर सहित विराट॥नृपति युधि-
ष्ठिर चरण पर राख्यो आनि लिलाट॥९२॥राजा विरा-
ट उवाच॥सोरठा॥ढिठय भई जो होय सो छमिय क-
रिके कृपा॥भूप बड़े जे होय चूक न मानत जनन की॥
९३॥धोखें तुम पै सेवकाई॥सो सब चूक कही नहिं
जाई॥ओछी पूरी मन नहि धरिये॥ईश अनुग्रह ह-
म पर करिये॥९४॥राजा युधिष्ठिर उवाच॥दोहा॥तुम
से तुम हिं न दूसरो जग मंडल में आन॥विपति हमा-
री सब हरी राखे पुत्र समान॥९५॥चौपाई॥तुम पट
तर को दीजे आन॥सुर नरन हीं अपने जान॥तुम
हम को सब कीनी भली॥तव कीरति सब भूतल च-
ली॥९६॥नित २ नेह दीसि हैं नये॥अब तुम भुजा

हमारी भये ॥ जीति समर सुरभी जे आनी ॥ जितनी ज्
जाकी जानी ॥ ९७ ॥ ते सब जाकी ताको दीनी ॥ सबकी
बिदा मही पति कीनी ॥ दुर जोधन संदेस पठायो ॥ भू-
प युधिष्ठिर पै चलि आयो ॥ ९८ ॥ दोहा ॥ प्रगटे भीतर
अवधि तुम फेरि करो वन वास ॥ मिति सो पूरण ॥ की-
जिये तब तुम करो प्रकास ॥ ९९ ॥ कहि सब विधि मत्त
मास की सम आयो सो दूत ॥ सभ दिसाही बैठो तहां
ज्यों सुर पुर पुर हूत ॥ १०० ॥ इति श्री महा भारत पुराणे
विजय मुक्ता वल्यां कवि छत्र विर चितायां अर्जुन वि-
जय वर्णनो नाम चतु विंशो ऽध्यायः ॥ २४ ॥ दोहा ॥ उत्तर
सों कीनो मतो नृप विराट तिहि बार ॥ दुहि ता दीजे अ-
र्जुनहि करि विवाह शुभ चार ॥ १ ॥ दोधक छंद ॥ अर्जु-
न ताको नृत्य सिखायो ॥ दोलनि सो गुण तासु पठा-
यो ताकहें सो दुहिता अब दीजे ॥ जियमें और विचा-
रन कीजे ॥ २ ॥ यों कहिकै तिन दूत पठायो ॥ अर्जुन को
यह बैन सुनायो ॥ तोहि सुता नृप अपनी दीनी ॥ हैस
विवाह सबै विधि कीनी ॥ ३ ॥ अर्जुन उवाच ॥ मैं दुहि-
ता सम जानि पढाई ॥ लाज तुम्हैं नहिं आवत आई ॥
मो सुत को दुहिता अब दीजे ॥ आनंद सों सब कारज
कीजे ॥ भूपति यों सुनि कै सुख पायो ॥ बूझि महूरत
मंगल गायो ॥ गावत आनंद सों नर नारी ॥ भूप जुधि-
ष्ठिर कों सुख भारी ॥ ५ ॥ दोहा ॥ दूत द्वारिका नगर को
पठयो बहु सुख पाइ ॥ वारन लागी वाटमें कही कास
सो जाइ ॥ दूत उवाच ॥ दंडक छंद ॥ दीननके नेह सो
नेह डोलत हौं गहे गहे द्रौपदी की लाज वहे ऐसी ए

कौन बातहौ॥तात मात पास प्रहलादहू निरास रहे २
कौन होती तेरी आस त्रास कैसे सहतो॥ओक छांड़ि
आपनो सु लोक कियो लोक लोक कौन भांति थिर थो-
क ध्रुव लोक लहतौ॥त्रिभुवन राय जोपै होतेन सहाय
आपु कैसें कै धौं मेरो काज और लौं निबहतौ॥७॥२
दोहा॥करि आये हो करतहौ करियो सदां सहाइ॥स-
हित मातु अभि मन्यु लै आपु पहूंच्यो आइ॥८॥
चले हास भगिनी सहित लै अभि मन्यु हि साथ॥च
ले [illegible] धर्म सुवन नर नाथ॥९॥मिलि
कै सारंग पानि कौ लै आये निजगेह॥अस्तुति वंदन
जुत करी मन वच क्रम करि नेह॥१०॥राजा युधिष्ठि-
र उवाच॥छंद॥श्री जादु नंदन मुनि जन वंदन॥का
ल्मष हर सब दुष्ट निकंदन॥जग तारण वक वदन २
विदारन॥दुख टारन राजा राज उधारन॥११॥जग पा-
वन संतन मन भावन॥ब्रज छावन गिर वर नख ला-
वन॥[illegible] भव भय भंजन॥दनुजन मर्द-
न भव धनु गंजन॥१२॥कंस विना प्रान प्रभु गरु-
डासन॥जदु वंशी अव तंस प्रकाशन॥असुर निवा-
रण [illegible] कुंज विहारन गनिका तारन
॥१३॥जग धर नग धर पीतां वर धर॥हरि दामो द-
र [illegible] सोदर॥सिंधु सुता वर श्री राधा वर॥न-
र कानि हर वर रदन धरनि धर॥१४॥जनक सुता
भूषण भुव भूषन॥सुर रिपु दूषण खल दल पूष-
न॥भक्तनि हित कारी हरि गिरिधारी॥भक्ति २
विहारी सब भय हारी॥१५॥दोहा॥करि अस्तुति २

श्री हस्त की भूपति पुनि निर आइ॥नगर कांपिला द्रुपद गेह दीनो दूत पठाइ॥१६॥चौपाई॥सुनत संदेसौ फूल्यौ हियो॥भूपति द्रुपद पयानो कियो॥गज रथ वाहन तुरी तुषार॥सब दल जुत साहन भंडार॥१७॥पंचाली सुत पांचौ साथ॥पहुंचे पुर विराट नर नाथ॥विदुर गेह तें कुंती आई॥मिली सुतनि अति आनंद छाई॥१८॥द्रुपद सुतातांके पद वंदे॥सब विधि कै सब जन आनंदे॥वन तें चली धरक्का आयो॥माया वी माया मग छायो॥१९॥नगर राज गिरि तें चलि आयो॥दुरा संध भूपति मन भायो॥धर्म पुत्र सुर राज समान॥विवुध अनुज सब वुद्धि निधान॥२०॥दोहा॥शुभ घटि का शुभ लग्न गनि शुभ वासर हि सुधाइ॥रच्यो व्याह अभिमन्यु कों मंगल चार २ कराइ॥२१॥दोऊ कुल की रीति ज्यौं करि विवाह सुख दानि॥वाजी गज रथ छत्र कहि दीनो आनंद मानि॥२२॥सुंदरी छंद॥भाट भले विरदावलि गावत॥सिंधुर वाजि निके गन पावत॥नृत्य गुनी जन नर्तन साजत॥ताल पखावज साजत वाजत॥२३॥को वरनै सब आनंद संजुत॥वास रहूं निशि कौतुक अद्भुत॥भांवरि पारत वेद निउच्चरि॥द्विकुल की ऋषि रीति तवै करि॥२४॥दोहा॥२ दै सौ वौ समदी सुता हरषे भूप विराट॥धर्म पुत्र सुख पाय कै लसत अनंदित पाट॥२५॥युधिष्ठिर उवाच सोरठा॥सुनि अर्जुन गुण ग्राम वेगि वुलावो मय सुतहि॥धवल संवारहु धाम रचि रचि रचि रचि जाल मणि॥२६॥त्रोटक छंद॥तव पार्थ मया सुर वोलि लयो॥वहु भांति न कै सुख सद्म ठयो॥प्रति धा मनि

चित्र विचित्र कसौ॥रंग रंग नि ही गुरु वान दसौ॥अति हीसत सुंदर सेत अटा॥इक नील वने जनु मेघ रघटा॥उपमा कवि कौन बखानि कहैं॥निरखैं नर कौतुक भूलि रहैं॥२८॥इक अद्भुत वाहिर सोभ सने॥नृप के रहि वे कहं धाम वने॥तहं वैठत भूपति नित्य सभा॥अमरा वति मोहति देखि प्रभा॥२९॥पुर अंतर धाम सु शोभ गहैं॥रनि वास जहां सब वाम रहैं॥हय हीसत वारन गाजत हैं॥निशि वासर दुंदुभि वाजत हैं॥३०॥भुव भूप सभा सुख साजत हैं॥द्विज वृंद तहां वहु राजत हैं॥वहु भीर तहां दर वार रहैं॥कहि को कवि ताहि बखानि कहैं॥३१॥इति श्री महा भारत पुराणे विजय मुक्ता वल्यां कविर

छत्र विर चितायां अभि मन्यु विवा-

इति दशमो नाम पंच विंशो ऽध्यायः २५

भुजंग प्रयात छंद ।। सोम वंस धर्म पुत्र शत्रु सौ सभा स्त्रै ।। चारि बंधु देव से विलोकि दुःख मानसै ।। अंजली-न जोरि जोरि कृष्ण सौं विनै करी ।। सिंधु के जहां तहां विपत्ति जीव की हरी ।। अई देश पाइये विचार आपसौ करो ।। ज्यों हरे अशेष शोक त्यों कलेश ये हरो ।। देश तें निकारि अंध पुत्र कानि ना करी ।। धाम ग्राम छीनि छीनि संपदा सबै हरी ।। १ ।। दोहा ।। करि आये हौ करत हौ सेवक सदा सहाइ ।। करी वंदना कृष्ण की धर्म सुवन भुव राइ ।। २ ।। युधिष्ठिर उवाच ।। चौपई छंद ।। कच्छप वपु धरि साइ रच्या हन ।। मत्स रूप संख्य सुर दाहन ।। वंदत मुनि जन सनक सनंदन ।। जै जै जै तुम जै जग वंदन ।। ४ ।। सूकर रूप रदन धरनी धर ।। वर हिरना क्ष पतित प्राननि हर ।। भूतल खल दल दुष्ट निकंदन ।। जै जै जै तुम जै जग वंदन ।। ५ ।। नर हरि वपु धरि भक्त सवारण ।। हिरना कुश नख उदर विदारण ।। कोटिक कष्ट हरण जग फंदन ।। जै जै जै तुम जै जग वंदन ।। ६ ।। छल बल बलि पाताल पठावन ।। बावन वपु धरि भूतल आवन ।। काटत सब माया दुख द्वंदन ।। जै जै जै तुम जै जग वंदन ।। ७ ।। परसु पाणि छत्रि य मद नाशन ।। रघु कुल कमल दिनेश प्रकाशन ।। राम चंद्र दशरथ नृप नंदन ।। जै जै जै तुम जै जग वंदन ।। ८ ।। कंस कठोर असुर भय कारी ।। केशी मर्दन अजिर विहारी ।। पीत वसन तन चर्चित चंदन ।। जै जै जै तुम जै जग वंदन ।। बौध सरूप पहुमि पर धारि हौ ।। कल की ह्वै दु

छूनि संधारि हो॥वरनत विदित छत्र वहु वंदन॥जै जैजै तुम जै जग वंदन॥१०॥दोहा॥विनय मानिकै करिकृपा दुरजोधन पैजाउ॥समझाओ वहु विधिनकै वंचै गोत कोघाउ॥११॥चौपाई॥विहंसि व्यास तवही उठिधाये॥नगर हस्तिना पुर चलि आये॥सुनि कुरु नंदन अनुज पठाये॥सभा मध्य श्री व्यासहि लाये॥१२॥श्री व्यास उवाच॥धर्म पुत्र तुम पास पठाये॥गोत विरोध हि मेटन आये॥भूपति जगमें यह जस लीजै॥आधो देश वांटि कै दीजै॥१३॥अपने कुलहि कलंक न लावो॥कालहु गोतको भूप वचावो॥दुरजोधन वोल्यो अकुलाई॥१ कैसें सको कलेश वचाई॥देश वांटि जो उनको देहों॥जोगी है कपाल कर लेहों॥भूमि वांटि कल मो पै पावें॥जावे नभ भूतल फिरि आवें॥श्री व्यास उवाच॥और भूमि भूपति जिनि देहु॥पंच ग्राम दीजे करि नेहु॥तिल पथ नाग इंद्र पथ लीजे॥अरु सुनि पथ पानी पथ दीजे॥दुरजोधन उवाच॥दोहा॥सुचि अग्र जितनी कढ़ै सो कवहूं नांहि देहुं॥पीछे भुव वेई लहें प्रथम जुद्ध करि लेहुं॥१७ चौपाई॥तुम हि कहत यह कैसे आवे॥जीवत मोहि को धरनी पावे॥सुनि मुनि वचन जरत है गात॥जियत सुने यह अद्भुत वात॥श्री व्यास उवाच॥सवैया॥लोकमें शोक समूह विनै अपलोक महा अपने सिर लैहो॥केलि सकेलि महा दुख में लिहो यों जस पेलि कै अपजस पैहो॥उपाय कै

आधिनलौं जियें रायस आय परे ते हिये पछितैहो॥ सुफि
परी यह कस्म कही सब आपु महा सब दैहौ जु दैहो॥१९॥
पिकै लेहु गदा कर भीम सु पार्थ धनुर्धर वाण नि
बाहै॥ बंधु समेत तहां सहदेव सुसा दर संगम को
अवगाहै॥ बैठि धुजा हनुमंत बली रण गाजि उठै र
यह तू मन चाहै॥ ए सोइ भावतु है जिय तोहि सु र
जाने कौं तेरी कहा मन साहै॥२०॥ दोहा॥ कस्म उठे
ये वचन कहि तिनि कौं यह सम झाइ॥ भावी सो कै
से मिटै को कहि सकै वचाइ॥२१॥ नगर हस्तिना
पुर तवै कुंती पहुंची आइ॥ सभा चारु मैं कस्म र
कहे सकल समुझाइ॥२२॥ दुर्योधन मति परि
हरी देतन पांचो गाम॥ दैवै की कहि का चली आ
वग सुनत नहिं नाम॥२३॥ एक वात कौं भय भ
योक री हि वादयो गर्व॥ मारि लेहुं यह कहतु है

जीतों भारत सर्व॥२४॥ जाहु आप तुम कर्ण पै लाउ आपने गेह॥ कुशल होइ तुम सुत नि कों बाढ़े अद्भु त नेह॥२५॥ कर्ण पास कुंती गई उनि उठि बंदे पांइ॥ करि आदर आसन दयौ बैठे सब सुख पाइ॥ कुंती उवाच॥ चौपाई॥ जेठो सुत तू तेरौ राज॥ लेहु सकल ग्रह चलिये आज॥ हंस्यौ कर्ण माता मुख चाहि॥ यह सब बात अबू कित आहि॥२७॥ तब तुम राज हमारो टारौ॥ घालि मंजुषा जलमैं डारौ॥ तन पोष्यौ दुरजोधन छांह॥ अब कत जात नर कन मांह॥२८॥ कुंती उवाच॥ जौन चलौ सुत करिकैं नेहु॥ एक बात तौ मांगे देहु॥ मो पुत्रन कौ करिन प्रहार॥ यह सब करौ दया कौ सार॥ ॥२९॥ सुनि सुत मेरौ वचन विलास॥ पांच बाण जो तेरे पास॥ जननी कौ करिकैं हित देहु॥ यामें जगत विदित जसु लेहु॥३०॥ कर्ण उवाच॥ चारि पुत्र तुव हित परिहरौं॥ एक पार्थ मोहीं रण करौं॥ औरनि कौ नहि घालौं घाउ॥ अब माता अपने ग्रह जाहु॥३१॥ दोहा॥ दीने पांचौं बाण कर कुंती कौ तिहि काल॥ विदा करी पग बंदि कैं तबै कर्ण भुव पाल॥३२॥ चौपाई॥ यह सुनि कुंती आई तहां॥ त्रिभुवन नाथ बसत है जहां॥ कही कर्ण सौं वरणि सुनाई॥ इहि विधि कै सब निशा सिराई॥ दोहा॥ प्रात होत श्रीकृस्न जी दुरजोधन के पास गये फेरि हित संधि कौ छत्र सुबुद्धि अवास॥३ ३॥ श्रीकृस्न उवाच॥ काह्यौ हमारो कीजिये पंच

ग्राम किन लेहु ॥ बंधु एक सौं पांच सौं निस दिन बढ़े स-
नेहु ॥ ३५ ॥ दुर्जोधन उवाच ॥ नित उठि उसले साल हीं
कत हि सला वत आनि ॥ कों अपांडव भूमि सब कौं-
न कुल की कानि ॥ ३६ ॥ श्रीदास उवाच ॥ सवैया ॥ को-
पि कोपि भीम भुजा रोपि रोपि रण मांह ओपि ओपि
मुख गदा लीने गल गाजि है ॥ रोस हिय आनि आनि
क्रोध धनु तानि तानि लै कै पार्थ पानि धनु बाण स-
धो साधि है ॥ अश्विनी कुमार के कुमार निकी हांक
सुनें धीरन धौंरा गे बल पौरुष सोभा जिहै ॥ गर्व हि
आरूढ मंत्र मूढ तून जानै कछू चेति हैं तू मूढ जब
आय मूढ़ वाजि है ॥ ३७ ॥ दोहा ॥ यह सुनि सकुनि सों-
प कै कही नृपति सों जाइ ॥ काहा कुनिया की कौं बां-
धि लेहु सुख पाइ ॥ ३८ ॥ सब मिलि कै चाहत कियो ब
नें नहीं कछु बात ॥ किल रवे भीषम विदुर तब विव्हल
ह्वै गयो गात ॥ ३९ ॥ चौपाई ॥ भीषम विदुर विलोकत
जानि ॥ वदन पसारो सारंग पानि ॥ मुख भीतर देख्यो ब्र-
ह्मंड ॥ संभ्रम पायो चित्त अखंड ॥ ४० ॥ छप्पै ॥ देख्यो ग
गन सु सूर्य्य चंद तारा गन दरवे ॥ देखी पहुमि सु नीर
भूरि भूधर सु विशेखे ॥ देखे सरि ता सलिल सिंधु सर
वर जल संजुत ॥ देखे तरु वर विपिन सघन द्रुम उप व-
न अद्भुत ॥ मृग राज मत्त मातंग लखि अव लोके रु-
षि राज गन ॥ भ्रम भूलि विदुर भीषम रहे सिथिल वि
काल ह्वै सकल तन ॥ ४१ ॥ भीषम उवाच ॥ खल दुर जो-
धन मर्म न जानत ॥ सिख त्रिभुवन पति कीनहिं मा-
नत ॥ भूल्यो मूरख नृप ता गर्व्व ॥ कुल को नाम तजे ति-

न सर्व्वे॥५२॥द्वै हैं सो हुरसी करतार॥भीषम कहत वा-
रही वार॥चले व्यास नृप को सम भाइ॥पहुंचे धर्म पु-
त्र पै जाइ॥५३॥श्रीव्यास उवाच॥स्वप्नम महि तुम कों
नहिं देत॥उद्यम लीनो भारत हेत॥विना जुद्ध वह का-
छून देहैं॥जो रण जीतै सो भुव लैहै॥५४॥इति श्री
महा भारत पुराणे विजय मुक्ता वल्यां कवि छत्र विरचि-
ता यां श्री व्यास दुर्योधन संवादो नाम षड्विंशो ध्या-
यः २६ इति विराट पर्व्व संपूर्णम अथ उद्योग पर्व्व वर्ण-

॥नं सुंदरी छन्द॥

वैठि सभा सुत धर्म मही पति॥वोलि लए तहां व्यास
महा मति॥वंधव चारि विराजत ता थल॥कौन वखा-
नि कहै तिनि के वल॥१॥राजो वाच॥चौपाई॥व्यास
वंदे हरिसो कछु कीजे॥भूतल में वसुधा जसु लीजे-
माहि महा उर में डरु आवत॥विग्रह हौं निशि दीस
वचा वत॥२॥दोहा॥वनि आई सब के मते लीने द्रुपद
वुलाइ॥संधि काज करु राज पै दीनि तुरत पठाइ॥३॥
गये द्रुपद नर नाह तव भूपति कौरव पास॥आदर करि
आसन दयो वोल्यो वचन प्रकास॥४॥दुर जोधन उवा-
च॥गीतिका छंद॥कौन हेत महीप आये सो कहो स
मझाय कै॥पावन भये तुम दरश तें वहु सुःख दीनो
आय कै॥द्रुपद भूपति यों कह्यो जग में महा जसु ली-
जिये॥नृप जुधिष्ठिर को धरा नृप वांटि कै कछु दीजि-
ये॥५॥नेह करि कुल कलह नासौ लेहु तिन हि वुला-
यकै॥सव आपनी मरजाद सों रहि हैं सदा सुख पाय
कै॥लगी मरसी वात यह सो चित नाहिं कछु लावहीं

चाहत विन्दुरणा कौन मोपै भूमि रंचक पाव ही॥ ६॥ को-
जुधिष्ठिर भीम कोहै वचन कोटन पाव ही॥ तीनलों
हूँ वरण सुर पति आप आय वचा वही॥ द्रुपद सुनि
कै सीस ढोरो रची सोई को रहे॥ सोवचाई क्यों बचे
भुकि क्रोध सों तब यों कहै॥ ७॥ सवैया॥ लोक में आ
प कछू आप लोकन लीजेन लीजेन लीजियेजू॥ चाह
त भूमि जुधिष्ठिर सक्षम दीजिये दीजिये दीजियेजू॥
यों करि राज निकंटक आ पन कीजिये कीजिये कीजि-
येजू॥ छत्र महा हित कै तुम बैन पतीजिये पतीजि-
ये पतीजियेजू॥ ८॥ दीजिये पंच उनै अव गाम नहीं
नृपकी नृपता घटि जैहै॥ वैठि रहै तिनमें अब जाय
जुधिष्ठिर आप महा सुख पैहैं॥ जानि अजान प्रमाण
के मान कि भूमि अवे अपने वल लैहैं॥ वाण की धार
में स्यों परि वा रहि तोहि वहादु धनं जय दैहैं॥ ९॥
दोहा॥ फिरि आयो तव द्रुपद नृप नृपति जुधिष्ठिर पा-
स॥ दुरजोधन की कुमति को कीने वचन प्रकास॥ १०
द्रुपद उवाच॥ बुधि कै कै वहु चातुरी अरु कै कै उन मा
न॥ सम झायो समझै नहीं करि देखे सव स्यान॥ ११॥
ही विराट पठये तहीं नृपति तीसरी वार॥ सम झा ओ
दुरजोधनै वाचे कलह अपार॥ १२॥ चौपाई॥ नृप वि
राट वहु विधि कै कही॥ सक्षम सो कछु दीजे मही॥
वे संतुष्ट वैठि तहां रहैं॥ फेरि कछू नहिं तुम सों कहैं
१३॥ दुरजोधन उवाच॥ दोहा॥ हूँ है कै जग वावरो मो
गत धरनी आय॥ हनौं पंडु सुत छिनक में को अव
सकै बचाय॥ १४॥ हम सों रारौं हेत तुम मतिभाखो

धैवेन॥ जौलौ जिय में जीव थर कहौन तिल भरि दैन॥१५
विराट उवाच॥॥सवैया॥ आपु वरा वहु गोत को घाउ ऊते
उनि वारही वार वराई॥ दैन कहौं नहि चारिक नाम क
हा मति थों तुम को वनि आई॥ होनी जो होइ सो होइ
रहे न मिटे यह भूपति में मति पाई॥ नीकी यो ओर
बुरी वुधि को सव को करता हरता कर ताई॥१६॥ चौ
पाई॥ दुन कहि वे में कछू ना राखी॥ जो मुख आई त
सव भाषी॥ कहा कहे काहू के होई॥ होनी मेटनहार क
हि कोई॥१७॥ आये नृप विराट उठि धाम॥ किये कास
को अमित प्रणाम॥ कहे न मानतु खल कछु वात
सुनि सुनि वैन जरत हे गात॥१८॥ यह सुनि कास विद
त्तव भये॥ चलिके नगर द्वारिका गये॥ नृपति जुधिष्ठि
र मन दुचि ताई॥ वाचत सूझी नहीं लराई॥१९॥ दोहा
उतदुर जोधन अनुज युत कीनो चित्त विचार॥ भीष
म अरु आये विदुर वैठो सव परिवार॥२०॥ दुरजोध
न उवाच॥ भुजंग प्रयात छंद॥ वडौ सोच तो आपने
चित्त कीजे॥ मतो होय पूरो पिता मोहि दीजे॥ सदा पंडु
के पुत्र हें साल मेरे॥ तिन्हें नास के जत्न कीने घनेरे॥
२१॥ कहो मंत्र जो जासु के चित्त आवे॥ हित होय सो हि
तही की वतावे॥ गई तेरहौं वर्ष यो सुक्ख माहीं॥ रहें
साल जा को सु जीवे हथाहीं॥२२॥ भीषम विदुर उवा
च॥ करो मंत्र सोई तुम्हें चित्त आवे॥ हमारो कह्यो
को हिये माहि भावे॥ तजो विरनहे संग हो वात ऐसी
सवे भूतली में कही वेद जैसी॥२३॥ भीष्म उवाच॥ स
वैया॥ एक सुने नहि भाषी अनेक सु टेक सवै है कुटव

की टेकी॥ ताको भलो न भयो कबहू जिहि पैज तजी न-
हिं आपु कहे की॥ यों समझो अपने मनमें हठ मूढ़ की
नाहिन बानि भलेकी॥ छांड़ि दई कुल की करनी यह
रीति लई हठिकै अविवेकी॥ २५॥ चौपाई॥ भूअ पै
रहत नदी मैं कोई॥ अमर एक जल अप जल होई॥
हिरना कुश अरु रावण गयो॥ यह धन नहिं काहू को
भयो॥ २५॥ कत अभिलाष तासु को कीजै॥ लोक वि-
लोक अलोकन लीजै॥ हानि होइ जीते अरु हारे॥ ज-
म रहिहै नित बदन पसारे॥ २६॥ सुनत वचन नहिं
भूपहि भायो॥ तब तिन नियरो सकुनि बुलायो॥ सो-
ई कोउ मंत्र विचारो॥ मोउर भावत वचन तिहारो॥
२७॥ शकुनि उवाच॥ मेरो मतो मही पति कीजै॥ नगर
विराट वेगिले लीजै॥ जोलों उनको नही सहाउ॥ लैसब
सेना तिहि थल जाउ॥ २८॥ पांचों बंधुन मारो आज
सोकि जाय तो स्वारे काज॥ उपजत ही जो काटिये व्या-
धि॥ फिरि कत मरिये औषधि साधि॥ २९॥ दोहा॥ अं-
कुर निरखि बोरछको कपितोर तिहि काल॥ त्यों अप-
ने अरि मेटिये कुटंब सहित भुवपाल॥ ३०॥ चौपाई॥
सुनि मत मानि भूप दल साजा॥ सकल बुलाये भुवके
राजा॥ सिमटे दल बहु भीन समाय॥ छार भये सब गि-
रि बर जाय॥ ३१॥ आये सोम दत्त भुव राय॥ अरु भा
दत्त सबल दल लाय॥ तिन के दल की संख्या नाहीं॥
रथ हय हाथी गनेन जाहीं॥ ३२॥ सेना सल्य कोटि हनी
तीन॥ कोरथ बाजी गने कहीन॥ कर्ण महा बल वंत प-
ठान्यो॥ अति नित दल कालिंग तहं आन्यो॥ ३३॥

कोपि चढ्यौ रण आप सु शर्मो॥कौन गने रण अद्भुत कर्मो॥दुर जोधन द्वारा बीत आये॥आवत श्री हरि दर्शन पाये॥३४॥दुर जोधन उवाच॥करौ सहाय हमारी आ[illegible] अतिशय प्रताप॥दल सजि चल्यौ हमारे साथ॥बार बार विनैवे नर नाथ॥३५॥श्री हास उवाच॥दोहा॥मैं तो सब आयुध तजे अस्त्र गहौं नहि हाथ॥[illegible] दयौ दल जुत ताके साथ॥३६॥ २ जोदो दल साजिके चल्यौ सुभट चमू चतुरंग॥अस्त्र शस्त्र तनु त्रान कसि कसे चर्म सब अंग॥३७॥तीन छोहनी शकुनि दल नीरद घोर समान॥चपला चंचल चल धुजा धनु षहि धनुष वखान॥३८॥दल [illegible] सिमिटि चल्यौ कुरखेत॥महारथी [illegible] रथी दल कतहिं रण हेत॥३९॥सवैया॥कोपि चल्यौ दुर जोधन को दल कोपि चले सब सूर वलीहैं कुंजर पुंजनि पायक जाल सु भार परै भुव भूरि हलीहैं॥[illegible] दिवा कर लोपि गई सब २ [illegible] उठिकै धर धूरि अकाश चलीहैं॥४०॥सुंदरी छंद॥कुंजर पुंजनि [illegible]॥लाल धुजा तिन पै मन मोहत॥२ [illegible] गाजत॥ज्यौं तड़िता जुत वारिद राजत॥४१॥हैं यह चंचल के खग खंजन॥पौन [illegible]॥शंख धुनै बहु दुंदुभि वाजत॥[illegible] बलि साजत॥४२॥मधुभार छंद॥[illegible] भये सब धूरि॥गये मिटि नीर [illegible] कुरु खेत॥[illegible] रण हेत॥पखो दल

ति रथी हूव सुभट सिरमौर ॥५५॥ अथ छोहनी संख्या दोहा॥एका द्विरद रथ एकहै तीन अश्व असवार॥
जमले दश संख्या कहि पायक पांच विचार॥५६॥हाथी १ रथ १ असवार ३ पयादे ५ जमले १०॥दोहा॥तीन पंक्ति को होय इक सेना मुख तानाम॥अपने अपने बुद्धि बल समझि लेय गुणग्राम॥५७॥हाथी ३ रथ ३ असवार ९ पयादे १५ जमले ३०॥इति सेना मुखता संख्या॥तातें तिगुनी गुल्म इक जानि जानि उरलेहु॥ताकी संख्या छत्र कवि बुधि बल सब करि लेहु॥५८॥हाथी ९ रथ ९ असवार २७ पयादे ४५॥
इति गुल्म संख्या॥दोहा॥फेरि गुल्म तिगुनी करौ तौ वाहनी संख्या होय॥छत्र कहौ सो वाहिनी कहै जगत सब लोय॥५९॥हथी २७ रथ २७ असवार ८१ पयादे १३५॥इति वाहिनी संख्या॥दोहा॥कीजै तिगुनी वाहिनी ताहि पृतना जानि॥इभ हाथी पायक रथी १ कहि कवि छत्र बखानि॥६०॥हाथी ८१ रथ ८१ असवार २४३ पयादे ४०५ इति पृतना संख्या॥ताहि पृतना जोरि कै एक चमू तब होय॥ताहि अपने चित्त में समझि लेहु सब कोय॥६१॥हथी २४३ रथ २४३ असवार ७२९ पयादे १२१५ इति चमू संख्या॥दोहा॥एक चमू को जोरि कै तिगुनी करौ जो कोइ॥छत्र सकल समझौ अबै अनी किनी सो होइ॥६२॥हाथी ७२९ रथ ७२९ असवार २१८७ पयादे ३६४५ इति अनी १ किनी संख्या॥दोहा॥अनी किनी सेना सकल तिगुनी कीजै ताहि॥सोई संख्या छत्र कवि अनी किनी दश

ग्याहि ॥६३॥ हाथी २१८७ रथ २१८७ असवार ६५६१ पया-
दे १०९३५ इति दश अनी किनी संख्या ॥ दोहा ॥ दश
अनी किनी दश गुनी साजत पंडित जानि ॥ ताही सों
इक छोहनी कहि कविछत्र बखानि ॥६४॥ हाथी २१८७०
रथ २१८७० असवार ६५६१० पयादे १०९३५० ॥ इति
छोहनी संख्या ॥ दोहा ॥ कुरु अठारह छोहनी कौरव
कहे बखान ॥ छत्र सकल संख्या कही जानि लेहु स-
व ज्ञान ॥६५॥ हाथी ३९३६६० रथ ३९३६६० असवार
११८०९८० पयादे १९६८३०० इति अष्टादश छोहनी
संख्या ॥ दोहा ॥ [illegible] एकादश छोहनी कुरु नंदन नर २
नाथ ॥ भीषम [illegible] नृप द्रोण करण सब सा-
थ ॥६६॥ हाथी २४०५७० रथ २४०५७० असवार १
७२१७१० पयादे १२०२८५० ॥ इति कौरव दलकी सं-
ख्या छोहनी ११ ॥ दोहा ॥ [illegible] छोहनी पंडु [illegible]
सेन समाज ॥ द्रुपद विराट नरेश तहं शुभ कारी [illegible]
राज ॥६७॥ हाथी १५३०९० रथ १५३०९० असवार ॥
४५९२७० पयादे ७६५४५० ॥ ६७ ॥ इति श्रीमहा
भारत पुराणे [illegible] विरचि-
तायां राजा दुर्योधन युधिष्ठिर [illegible]
सैन्य [illegible] नाम सप्तविंशोऽध्यायः
२७ ॥ दोहा ॥ कार्तिक [illegible] पक्ष की त्रयो दशी शुभ
जानि ॥ सन्मुख दल दोऊ जुरे फिरि तहां कियो [illegible]
न ॥१॥ सुंदरी छंद ॥ भानु गयो छिपि [illegible]
अपने ठौर विराजत हैं सब ॥ वीर [illegible]
[illegible] बीर लरे [illegible] मिलन को जहं ॥२॥ है [illegible]

विलोकि वो कुटुंब बंधु पुत्र मित्र को गनै॥ अलोक होइ सोक लोक जुद्ध में तिन्हे हनै॥१५॥ दोधक छंद॥ इन भीषम कोटिक दुख हरे॥ बहु भांति निको प्रति पाल करे॥ तिनिको किहि भांति हथ्यार सजौं॥ अप कीरति सों बहु चित्त लजौं॥ यह काज नहीं हमसे सरिहै॥ नहिं सन्मुख बान धर्यो परिहै॥ जब अर्जुन ये बहु बैन स[ने]॥ अति आतुर है धनु बाण तजे॥१६॥ श्री कृस्न उवाच॥ कहि कौं यह कायर बुद्धि भई॥ [illegible] अजहू न गई॥ अब क्षत्रिय धर्म्म बिचारि हिये॥ नहि पाप [illegible] अब जुद्ध किये॥१७॥ दोहा॥ समुझाये बहु ज्ञान [illegible] [illegible] है [illegible] कृस्न [illegible] ॥१८॥ [illegible] तेज धरा जल पौन अकाश मिलैसो [illegible] रच्यो है॥ [illegible] [illegible] [illegible] है॥ ए करहै जग में जस औ [illegible] काल बली पैन कोउ बच्यो है॥ बंधु कुटुंब त्रिया सुत हेतहि लीन भयो बहु [illegible] है॥१९॥ दोहा॥ बदन [illegible] सो कृस्न तब पार्थ लख्यौ अकुलाइ॥ देख्यो सब [illegible] अद्भुत कह्यो न जाइ॥२०॥ श्री कृस्न उवाच॥ चौपाई॥ कालरू[प] सुनत संशय करै॥ यह दल सब या काल [illegible] या- में सब बचिहें दस जानें॥ और सकल [illegible] जानें॥ २१॥ मैं यह सब भारत करि राख्यो॥ यह तो [illegible] स हित भाख्यो॥ तेरो कस्यो कहा अब होई॥ कौन बा- दा ताको अब कोई॥२२॥ अर्जुन को सुनि संसौ ग- यो॥ लयो धनुष हरि आयसु दयो॥ संभ्रम कोकल

दोनों सेनाओंके मध्यमें रथ स्थापित करके श्री कृष्ण अर्जुन को गीता का उपदेश कर रहे हैं

कोपि कोपि जुद्ध बारा कोटि कोटि जो ध्वैर लोक पाल जो
जुरे तऊ न पेज हारि हैं। आजु ते कुलेवा सूर नित्य
नित्य मारि हैं ॥५॥ पार्थ सौं जुरे कराल जुद्ध भौ महा घ-
नौं। लंक नाथ सौं मनु जुद्ध राम चंद है मनों। गंग पुत्र
अस्त्र सस्त्र बारा वृष्टि यों करै। स्वारथी रथी समेत ठौ
म ठौम संघरै ॥६॥ दोहा। उत्तर कह्यौ पृथ मही कवि
वहु ध्या संग्राम ॥ एक अयुत भीषम हनै गनैन परै
नाम ॥७॥ जुरे दोऊ सेन के रथी दुरद रसा मांझ ॥ भी-
षम पूजयो आपु व्रत वहुरि व्है गई सांझ ॥८॥ रैनि
भये सब सूरिमा कियेन सर संथान ॥ सजे सकल भ-
ट सेन के प्रात उगत ही भान ॥९॥ मारु मारु दुहु दल
भई उठे वीर रण गाजि ॥ पायक रथी मतंग गन अ-
रु जुरे वहु वाजि ॥१०॥ मंडली क कीनो धनुष सर २
छायो आकाश ॥ व्रत पाल्यो दश सहस हति करि सेना
उरत्रास ॥११॥ चौपाई ॥ दिन प्रति दश दश सहस संघारे
रथी अति रथी गज रथ मारे ॥ मारग कास्मा षष्ठी भई ॥
पंडु पुत्र उर चिंता ठई ॥१२॥ भीषम अगनित सूर सं-
हारे ॥ पंडु पुत्र सव ही हिय हारे ॥ रह्यो जुद्ध तहं निशि
व्है गई ॥ पंडु सुतनि के उर मति भई ॥१३॥ दोहा ॥ अ-
र्द्ध रैनि जवही गई आये भीषम पास ॥ वहु विधि कै २
अस्तुति करी कीने वचन प्रकास ॥१४॥ दोधक छंद
आजु पिता कछु सो मति दीजै ॥ जा विधि जीति सवै
दल लीजै ॥ ज्यों कुरु नंदन को दल छीजै ॥ आप सु
देहु सुतो प्रव कीजै ॥१५॥ भीष्म उवाच ॥ छप्पै ॥ जौ
लगि मो घट प्राण काहो को सर वर पावै ॥ चिरंजीव

कुरु राज ताहि पद ओछो आवै॥विजय करै को सर २
मोहि देखत रण माही जोचितवै वृत राज ताहि तो अ-
चरज माही॥सुनि धर्म पुत्र सुख सीव यह सत्य मा
नि चितलीजिये॥नर नाह द्रुपद सुत अग्र करि वि-
जय सकल रण की जिये॥१८॥गीतिका छंद॥मोहि
पितु वरदान दीनो परम उर सुखपायवो॥विना वो
हि काल नियरो क्यों सकै गो आयवो॥मारि हों सुख
मृत्यु लहि हों ना पराजय देखिहों॥वाण जाको साधि
हों गत प्राण ताको लेखि हों॥मोहि कोरण जीति है वि
धि रुद्र सुर पति रण करै॥जाहि ताके करों प्राणनि
बाण सिर पाल ना परै॥वृद्ध शिशु अरु नारि को छि-
न को धनुष कर नागहीं॥भ यो देखिन ताहि मारों
सत्य तोसों हों कहीं॥१८॥आपनी जय भूप चाहो तौ
कहो सो कीजिये॥द्रुपद नृपको सुत शिखंडी ताहि
आगे दीजिये॥नारितें वह पुरुष भो ताकी कथा सुनि
लीजिये॥तुम जोग शिक्षा हों कहो नर नाथ ताहि प-
ली जिये॥१९॥चौपाई॥कासि राज की सुता दुलारी॥का
री शंभु सेवा तिहि भारी॥तियतें पुरुष भई वरपाई
लीनो जन्म द्रुपद गृह आई॥२०॥आगे दै उप देशौ तो-
हि॥पाण निपार्थ वेधिहे मोहि॥भीषम जब इहि वि
धि के कह्यो॥पग वंदे नहि संशय रह्यो॥२१॥अपने
ठाम धर्म सुत आये॥सत्य वचन भीषम के पाए॥
सुनःसुते भिनसारो भयो॥उद्यम महा जुद्ध को लयो॥
२२॥दोहा॥सुभट शिखंडी अग्र करि पंडु पुत्र बलि
बंड॥दाय लयो सब ताल नभ संग्रह कियो अखंड

उ॥२३॥मारु मारु है दल रटै होत अमित गलगाज॥२
उठत अगिन असि वर वजत जूझत सुभट समाज॥२४
बीती मारग सप्तमी समर होत अति काल॥रुधिर स-
लिल पूरी यहु मिटी सै ठाम कराल॥२६॥जुद्ध होत
दिन नौ गये को कवि कहै वखानि॥दशमै दिवस क-
राल रण परौ भटनि सौं आनि॥२७॥बीतौ असुर
अलाप सौं अभि मन्यु हि संग्राम॥रह्यौ विकर्ण सा-
सौ कह्यौ जाहि व्यूह को नाम॥२८॥भीम सेन सौं तब
जुरे दूसा सन वल वान॥चित्र सेन सह देव सौं कीनौ
कोपि कृपान॥२९॥नकुल सुशर्मा दोण हौं द्रुपद राय
सौं जुद्ध॥धृष्ट द्युमन गुरु द्रोण सुत समर कह्यौ है
क्रुद्ध॥३०॥जुह्यौ जुद्ध भूरि श्रवा द्रुपद सुता सुत संग
राउ विराट कलिंग सौं कोपि कियौ रण रंग॥३१॥२
कृत वर्मा अरु पार्थ सौं वाजी अस वर मार॥पायक
हय स्वारथि रथी भये सकल संघार॥३२॥भूप जुधिष्ठिर
सौं कह्यौ संगम शल्य अपार॥हते सुभट रण भूमि २
मैं जुरे एक ही वार॥३३॥सोरठा॥कोपि भीम तिहि
वार हन्यौ दुशासन को दुरद॥गिरौ पहुमि विकराल
अंजन को सो गिरि परौ॥३४॥दोहा॥कृत वर्मा जा
दौं तहां करी वृष्टि सर जाल॥काटयौ पंजर पार्थ को
कीनो रण विकराल॥३५॥जे सर छांडे पार्थ रण २
ते खंडे उनि वान॥अंधकार अरु उदध मैं है ही ग-
यो निदान॥३६॥कौन गनै अब पार्थ को भयका
री संग्राम॥वाणनि सौं वे ध्यौ कटक वरनि कहै २
कोनाम ३७॥सवैया॥ज्यौं मृग जूथनि ऊपरि केह

अनेक योधाओं में द्वंद युद्ध हो रहा है और भीमसेनने दुश्शासन के हाथी को गदा मार के गिरा दिया

रि कोपि उठ्यो रण पार्थ बली ॥ बाण चले अस मानहु लीं सुमनों सलमा उड़ि व्योम थली ॥ खंड करी ध्वज चौर पताक भई उपमा यह छत्र भली ॥ मानों उडी तजी शैल के अंगनि हंसके वंशनि की अवली ॥ ३८ ॥ दोधक छंद ॥ ठांमहि ठांम हि सूर संघारे ॥ कोपि किते हय सिंधुर मारे ॥ बाण विशाल हयो कृत वर्मा ॥ मोहि गिरो धर वर्म सुधर्मा ॥ जादव मोहि परो जब देख्यो ॥ सेन सबै भय काल विशेख्यो ॥ भागत यों भट अर्जुन आगे ॥ चीन बिडाल ज्यों घन भागे ॥ ३९ ॥ दोहा ॥ आयो शकुनि सरोष व्है कह्यो पार्थ कित जाइ ॥ जादव जाने मोहि जिनि डारों गर्व नसाइ ॥ ४० ॥ आयो सन्मुख शक्ति गहि पार्थ करी द्वै खंड ॥ धाय सरासन बाण कर तब दीनो बलि बंड ॥ ४१ ॥ सोऊ कीनो खंड द्वै अर्जुन सम-र प्रवीन ॥ रथ काट्यो सारथि वध्यो करी पताका छीन ४२ ॥ लज्जित खल थल तजि भज्यो तन की नहीं सम्हाल लखि दुर योधन आदि सब संशय करो अपार ४३ दोधक छंद ॥ रोस कियो सत बंधव धाये ॥ अर्जुन सों सब सन्मुख आये ॥ घेरि लयो जबही रथ ऐसें ॥ घेरत पर्वत दुंदुहि जैसें ॥ ४४ ॥ त्यों चहुं घां सब को रब कोपे ज्यों मघवा घन सूरहि लोपे ॥ बाणनि सों रथ छाय लयो है ॥ सम्भ्रम सम्हि चित्त भयो है ॥ ४५ ॥ दोहा ॥ सह देव धाये नकुल भीम धरा का साथ ॥ सोच गहे शशि राहु ज्यों धर्म पुत्र नर नाथ ॥ ४६ ॥ चौपाई ॥ अर्जुन बाण दृष्टि जब करी ॥ कुरु नंदन दल धीरन ध-

री॥उड़ी पताका वाग़नि साथ॥कटि गये धनुष रहे न
नहि हाथ॥४८॥ज्यों वड़वानल पौनहि पाई॥कौरव
सेना चली पराई॥मार मार दोऊ दल गाजैं॥अति ग-
ति स्वर्ग स्वर्ग लौं वाजैं॥पवन पुत्र सुत धर्म प्रचारो
लै कर गदा धनुष भुव डारो॥रथ हय हस्ती तिहिद-
ल मारे॥वज्र पात जनु पर्वत फारे॥४९॥छत निछा-
य भट भ्यानक भेस॥जनु सब जनु फूले टेसू॥अ-
द्भुत रण को सकै वखानी॥गिर से परे कहीं भुव आ-
नी॥५०॥दोहा॥जूझे दुर्योधन अनुज हने भीम प-
चीस॥कहूं वांहु कहूं जंघ हैं कहूं परे धर सीस॥५१
सवैया॥कोपि गदा कर लै तिहि खेत कियोदलदुर्गनदी-
ह संघारो॥जूझे रथी कटि कुंभनि सिंधुर स्रो णित
पूरि प्रवाह प्रचारो॥ग्राह भसुंड दुकूल ध्वजा रुख
चामर के शशि वार निहारो॥पौन के पूत वली रण
जीति कै संचिहू जदु की सिंधु सुधारो॥५२॥दोहा
राखौ भीम कलिंग तहं द्वै घटिका विरमाय॥धनु-
ष धरे भट राउ तहा भीषम पहुंचे आय॥५३॥वूड़-
त पाई थाह जिमि त्यों दल तिनि कौं पाइ॥घरी घरी
साहस वढ़यो को कवि कहै वनाइ॥५४॥इति श्रीम-
हा भारत पुराणे विजय मुक्ता वल्यां कवि छत्र विर
चितायां कौरव वध भीम सेन विजय वर्णनो नाम
ऊण त्रिंशो ऽध्यायः॥२९॥०॥०॥

भीष्म उवाच॥

सवैया

आजुही चक्र गहाइ कै त्रासहि आजु धनो दल र

हुंदु बिदारौं॥आजु महा रथ वंत हतौं सब आजुही कुंजर बाजि संघारौं॥आजु अपांडव भूमिकरौं वर आजुही का जइते सब मारौं॥जौन करौं इतनौ पुरुषारथ तौं कुल क्षत्रिय धर्म निहारौं॥१॥दोहा॥भीषम कोप्यो देखि कैं तब अर्जुन रण ग्राम॥द्रुपद कुवर आगे करयो जाहि शिखंडी नाम॥२॥भुजंग प्रयात छंद॥ हस्यो गंग को पुत्र सो नैन देख्यो॥तबै आपनो काल जी मांहि लेख्यो॥ महा रोष सों कोपिकै पार्थ धायो॥दिये वर्म आगे गहैं खर्ग आयो॥३॥महा कालको काल सो बाण लीनो॥फरी खर्ग सों तोरि द्वै खंड कीनो॥तबै गंग के पुत्र लै शक्ति ऐसी॥महा मीच के तेजहू तें अनैसी॥४॥लखी पार्थ द्वै खंड लै बान कीनी॥तबै देखि सेना तबै त्रास भीनी॥महा रोष सों गंग को पुत्र छायो॥धनु बाणलै सनके सौंह धायो॥५॥दोहा॥कोपि हते द्वै अयुत रण रथी अति रथी सूर॥पायक हय गज छतन छूटि चले ओरण के पूर॥६॥सवैया॥धीर धरैन चमू चतुरंग सु भागत कोउन काहू सम्हारै॥थाकि रहे पुरुषारथ के अति पारथ आपु हिये बहु हारै॥अंचि गिरे कहूं बीर गिरे कहूं मत्त गयंद नि को गन डारै॥भूप जुधिष्ठिर को दल सो दलको पकी आगिमें भीषम वारौ॥७॥दोहा॥हतौ पंडु सुत दल सबल बिचरि चल्यौ दिशि चारि॥भीषम सों मन वचन क्रम सबही मानी हारि॥८॥जब जानी सेना चली भीषम सों सब हारि॥धाये कर धरि चक्र प्रभु रक्षक भक्त मुरारि॥९॥सवैया॥चक्र गह्यो कर कोपि मुरारि निहारि तहां अपनो पन टारो॥ज्यों रथ तें धसि॥१०॥

थाये थरा गज जूथनि ऊपर सिंह प्रचारो॥देखत ही तिल का वलि सीस नहीं चित और विचार विचारो॥ पीठि दई कररा भय ताहि कृपा करि के जनको प न पारो॥१०॥अर्जुन उवाच॥दोहा॥सांई हारत पैज वाल जीत्यो यह संग्राम॥द्रुपद पुत्र पहुंचो तहां धृष्टद्युम्न तानाम॥११॥चौपाई॥कौरव कोदल्ल कोपि संघारयो॥यत्र तत्र हति भूतल डारयो॥पार्थ सिखंडी लेतव धायो॥भीषम के तव सन्मुख आयो॥१२॥देखि सिखंडी वारानु गह्यो॥तिनके सन्मुख ठाढो रह्यो॥वाणनि वेधे पार्थ शरीर॥तव हसि वोल्यो भीषम वीर॥१३॥अर्जुन इषु वेधत है मेरे॥वाणन होय शिखंडी तेरे॥द्रुपद पुत्र जेते सर हये॥लगे ननन में निरफल गये॥१४॥अर्जुन वाणनि मोंह प्रान॥भूमि गिरो यों कहि वलवान॥मारग शुक्ल अष्टमी भई॥तव भीषम सर सज्या लई॥१५॥दोहा॥भीषम पौढे सेज सर दशये दिन वर वीर॥पूरव सिर पश्चिम चरण परो पहुमि रण धीर॥१६॥वरषे सुमन नि स्वर्ग तें सुर सव चढे विमान॥आई कौतुक सुर ललनि जित तित रूप निधान॥१७॥जैसे शब्द अकाश भो ध्वनि भीषम भट राउ॥कौरव को अरु शकुनि को मिटयो चित्त को चाउ॥१८॥भयो कुलाहल कटक सव विलख वदन ही संत॥जन जान उर आतंक के संभ्रम वढयो अनंत॥१९॥भीषम सरकी सेज लखि लटवाल सीसहि जानि॥पट भूषण कुरु राज तव दये उसी से आनि॥२०॥भीष्म उवाच॥तुम नहिं जानत यह समो लीनो पार्थ र

कोपि॥ निरखत ही मृग राज ज्यों जात करी दल लोपि ॥२॥ घुमंडे घन कान गाज ज्यों है दल मांहि नि-सान॥ चपल पताका दामिनी सिंधुर घटा समान ॥३॥ द्रुपद राय गुरु द्रोण सों भयो जुद्ध अति काल॥ दोऊ वीर समान नहीं वृष्टि करत सर जाल॥४॥ प्र-थम द्योस रण करि रहे दोऊ वीर समान॥ कवच स-नाहक से सवनि प्रात उगत ही भान॥५॥ जुरे वीर दोउ और के रज छाई असमान॥ भई निशा सी छाय तम लसे छपा कर भान॥६॥ त्रिभंगी छंद॥ सजि च मे सुवर्मा अद्भुत कर्मा कोपि सुशर्मा आय गयो॥ रण में जस लीजे विर मुन कीजे पार्थहि यह संदेश दयो॥ जुरि हम सों न्यारो जुद्ध संवारो अति भारो आ नंद करो॥ विर मुन लावहु सन्मुख आवहु धनुष चढावहु बाण धरो॥७॥ दोहा॥ अर्जुन के उर वीर रस अति बाढ्यो सुनि वैन॥ दोऊ समर प्रवीन अति कीन्ह रण उस रैन॥८॥ आयो तहं भगदत्त नृप दल को बाहन अंत॥ अंजन गिरि पर सूर सो गज ऊपर सोहंत॥९॥ ताको सिंधुर के चले को कवि कहौं सुनाइ॥ वाह वात के परस ही वार नगन उठि जाइ ॥१०॥ दोधक छंद॥ भीम बली भगदत्त विलो क्यो॥ आवत सो भट कौरव रोक्यो॥ नेक हु सो वर ज्यो न-हिं मानै॥ भांति न भांति न को रण ठानै॥११॥ अंकु-श मारि करी तिहि पेल्यो॥ भीम बलीन ठिले रण है ल्यो॥ पीन के पूत सो मुष्ट प्रहार्यो॥ सो गज नेक डरै न-हिं टर्यो॥१२॥ उद्यम को बहु थाकि रह्योई॥ जातन

ही मुख बैन कहोइ ॥ पौन को पूत जितौ बल ठांनै॥ कुंजर सौं मन मैं कन आनै ॥ १३॥ दोहा॥ चतुर दंत उनरमत्त बल गरजत भीम हि पाइ॥ चाहत लयौ लपेटि कै अब नहिं कछू बसाइ॥ १४॥ त्रोटक छंद॥ भीमसेन बल कीनो सर्व॥ रोमन छूटो भाज्यो गर्व॥ कुंजर पैन हिं पावै जान॥ को भगदत्त नरेश समान॥ १५॥ पसौ शब्द अर्जुन के कान॥ वाही दल को छांडे बान॥ को वाहि सकैन साहस रह्यो॥ तबहि धाय तिन अर्जुन लह्यो॥ १६॥ अर्जुन भीम लख्यो दुग तुल्ल॥ लई शक्ति जैसो शिव सूल॥ रावण ज्यौं लछिमन पै छंडी॥ वक करि इंद्र पूत तब खंडी॥ १७॥ खंड करी द्वै बाणनि काटि॥ और लयौ दल बाण निपाटि॥ तब भगदत्त लम्हारो आप॥ जाको जगमें बड़ो प्रताप॥ १८॥ पांच बाण कर में तिन लये॥ तब अर्जुन के उरमें हये॥ लागत उर में सो परजरो॥ विषम बाण तिनि धनु पर धरो॥ १९॥ दोहा॥ कुपि कुंजर के सिर हयो डारो सीस विदारि॥ पार भयो सर वेधि तन कसो फांक द्वै फारि॥ २०॥ कुंजर सबल पकर्यो हाथि गह्यो भगदत्त॥ गिरजन पावत भूमि में साजत जतन अनंत॥ २१॥ जीत्यो चाहत पार्थ कों पेलत बार बार पग दै॥ सकत न दुवद सो अंकुश हने अपार॥ २२॥ सवैया॥ हाथि गह्यो जुग जानु में सिंधुर पौरुष को कवि कौन बखानै॥ जुद्ध जुरेन मुरे वर बीर सो भांति अनेक नि के रण ठानै॥ पेलत क्रोध किये भगदत्त न कुंजर नेकहु अंकुश मानै॥ निरधन की त्रिय आयसु ज्यौं

अपने पति की कछु चिन्त न आने॥२३॥दोहा॥जुगल जंघ मे मृतक गज वार वार एक केरि॥हारो देंदे अंकु शौ नहीं सकत अंग मोरि॥२४॥वीते एक महूरते भू मि गिरो गज राज॥प्यादो ह्वै भगदत्त तव धायो भट २ सिर ताज॥२५॥सोरठा॥कोपि खरग लै धाय क्रोधित अति राते नयन॥मघवा चढ्यो वजाय चपला असि २ वर जलद तन॥२६॥दोहा॥दो सर लै दोऊ हनी तवही पारथ वाहु॥विन भुज सन मुख पार्थ के चल्यो वली न र नाहु॥सोरठा॥२७॥पार्थ तीसरो वाण हन्यो सीस में २ क्रोध करि॥मुरछि गिरो वल वान उठि अर्जुन सन्मु ख चल्यो॥२८॥चौपाई॥तव सो पंच पैंड चलि ग यो॥अर्द्ध चंद्र लै अर्जुन हयो॥काटो जानु जंघ धर परो॥यों भगदत्त भूप संघरो॥२९॥हाहा कार कटक में भयो॥सूरनि मन रवि सम आथयो॥कौरव नृपके दुख अति भारी॥सुख की सकल वासना जारी॥३०॥ दोहा॥लीनो अर्जुन लाय उर भूप जुधिष्ठिर आप॥ आजु करी संग्राम जय कीनो प्रगट प्रताप॥३१॥इति श्री महा भारत पुराणे विजय मुक्तावल्यां कवि छत्र

विर चितायां भगदत्त वधन वर्णनो

नाम एक त्रिंशो ध्यायः॥३१॥ ॥ ॥

सुंदरी छंद॥जहि परो भगदत्त लख्यो जव॥कौरव २ सोदर रोवत हैं सव॥सोच वढ्यो जियमें अति सोच त॥नैनन तें अंसुवा वहु मोचत॥१॥वंदत हैं गुरुके नृ प पायन॥दीन भये वहु भाषत भायन॥आपनु हो सव कारज लायक॥कौंविगरै जहां होउ सहायक २

आजु भयो तुम जुद्ध पराजय॥ बैरी जीति गये सव निर्भय॥ आपु विचार कछू अव ठानहु॥ होय विजय मति सो उर आनहु॥ दोहा॥ ४॥ रच्यो चक्रव्यूह गुरु सुनि अवनी पति बैन॥ दुर्गम दीरघ दुसह सो जान्यो काहू पै न॥ ५॥ द्रोण उवाच॥ न्यौति पठावहु पंडु सुत आवहि रण को आज॥ कै तू मैं कै आडि वन सौंपि आय सव काज॥ ६॥ त्रिभंगी छंद॥ सुनि गुरु वानी सो सिर मानी उर आनी तव वुद्धि यहै॥ तव दूत वुलायो सो चलि आयो वेगि पठायो जाय कहै॥ तव आयसु पायो तुरत सिधायो सीस नवायो भूप जहां॥ सो सवनि जुहारो लै वैठारो सो वंधव चारो लसत तहां॥ ६॥ दूत उवाच॥ सो रठा॥ दीनो यह संदेश चक्रव्यूह रच्यो तहां॥ रण हित चलहु नरेश कै तजि विग्रह जाहु वन ७॥ युधिष्ठिर उवाच॥ दोहा॥ न्यौति पठाये आय है वाहो जाय संदेश॥ दूत समादि कीनो तहां भूपति उर अंदेश॥ ८॥ चौपाई॥ जेते भट हैं या दल माहीं॥ चक्रव्यूह कि जानत नाहीं॥ अर्जुन श्री हरि संग सिधायो॥ तीरथ तें चलि सो नहिं आयो॥ ९॥ ता विन जुद्ध कौन यह करिहै॥ चक्रव्यूह वैठि कै लरिहै॥ अर्जुन विनु जानो दल हीनो॥ ताते न्योत वृथा को दीनो॥ १०॥ तीनो वंधुनि राजा वूझै॥ कहो मंत्र जो जाको सूझै॥ जो यह जुद्ध नहीं वनि आवै॥ राजपाट छिति कौन पावै॥ ११॥ प्रथम हि भीम हि वूझे राजा जो रण जीते सौ जै काजा॥ सुनि कै उत्तर भूप हि दै

नो॥ऐसो सुन्योन मैं रण कीनो॥१२॥छप्पै॥जुरैं सु
र गंधर्व सर्व तिन को वल गारौं॥किन्नर नर अरु
जक्ष सवल वल दल संघारौं॥वज्र पांनि जो वज्र
ले हि तौ चित्त न आनो॥जुद्ध करत दिन रैन नही
हौं कछू अघानो॥वहु संक अंक नग पन्नगनि
कौ मो सौं सरिवरि करैं॥सुनि भूप मोहि या जुद्ध
की सो न कछू विधि जानी परैं॥१३॥दोहा॥वूझे
नृप सह देव तव जो यह जानहु जुद्ध॥जीति लि
ये व्है जायगो राज पाट सव सुद्ध॥१४॥सह देवउ
वाच॥जीतौं दानव देव हौं जुरैं जुद्ध जो आइ॥पै
विधि चक्र व्यूह की कछु न जानी जाइ॥१५॥राजा
उवाच॥करौ नकुल संग्राम यह राखि कटक की २
लाज॥ना तरु भूमि गई सवै रण कीनो विनु काज
१६॥नकुल उवाच॥छप्पै॥आजु अमित संग्राम दे
व दान वसौ मंडौं॥जुरै जुद्ध जो आय काल दंडहु को
दंडौं॥सव अवनी पति जीति गर्व तिन कौ वर गंजौं॥
सकल शत्रु संघारि वाहु वल सव दल भंजौं॥सु-
नि भूप पाय तुव आय सैं हौं इतनौं संग्राम करौं॥
यह सौंह मोहि नृप पंड की सो उलटि पहुमि ऊप
र धरौं॥१७॥दोहा॥देख्यो सुन्यो न कान हूं चक्र व्यू
ह नरेश॥सो न जुद्ध कहु मैं कियो यह जिय मैं
अंदेश॥१८॥चौपाई॥राजा वहु जिय मैं पछिता-
इ॥क्यौं जीत्यौं अव संगर जाइ॥विना पार्थ वहु
भयो अकाज॥पहुमिन साई वूड़ौ राज॥सुर नर
दल सव भीमहि डरैं॥ताहूं तें कछु काज न सरैं॥

सहदेव अरु नकुल विचारि ॥ तेऊ गये हिये अव हारि
॥२०॥ वैठो भूपति नाये सीस ॥ नहिं वोलत कोऊ अव
नीस ॥ चारो वंधव मनमें सोचें ॥ मन पछिताय नै
न जल मोचें ॥२१॥ सकल कटक में वीत्यो त्रास ॥ अं-
तहपुर सव परो उपास ॥ यह सव सोधु सुभद्रा सु-
न्यो ॥ हिये सोच करि माथो धुन्यो ॥२२॥ पतिकी सु
रति चित्त में धरी ॥ नैननि जल देही थर हरी ॥ कृस्न
साथ चलि अर्जुन गयो ॥ वहुरो नहीं कहा सो भयो
२३॥ सुत अभिमन्यु गोद में परो ॥ माता नैननि आं
सू ढरो ॥ परो पत्र उर पै तिहि वार ॥ चिंता कीनी
चौंकि कुमार ॥२४॥ अभिमन्यु वाच ॥ दोहा ॥ कौन
हेत तुम मलिन हो कहि धों मो सम काइ ॥ या जग में
तो तें सुखी और न कोऊ आइ ॥२५॥ सवैया ॥ जेठ जु
धिष्ठिर भीम वली जहां हैं जग वंदन कृस्न सो भाई ॥
धीर धनुर्द्धर अर्जुन सो पति जुद्ध जुरे जम हू खमि-
खाई ॥ हे विवि वंधु सहदेव सो देवर की रति है सव भू
तल छाई ॥ मो सम पुत्र हि पाय के माय कहा कहि धों
मुख पै मलि नाई ॥२६॥ दोहा ॥ वरन वरन को या स
में कहि धों कारन कौन ॥ काहू के उर त्रास नहिं संप-
ति संजुत भौन ॥२७॥ सुभद्रा उवाच ॥ तुम पितु रन
हित कृस्न संग गये कसे तन त्रान ॥ आइ सुधि नी-
की नहीं कहो रहत क्यों प्रान ॥२८॥ चौपाई ॥ भूप जु-
धिष्ठिर दुःखनिदान ॥ भोजन कीन्हे खंडो पान ॥ ती-
नों अनुज रुदन वहु करें ॥ वैन नहीं मुखतें अनुस-
रें ॥२९॥ नहीं पार्थ की सुधि कछु जीकी ॥ यह वात

साहस धीर॥सूरनि मनि बोहीर कलित शील सिंधुर सोवीर॥४९॥राजा उवाच॥नहिं गुरु ढिग विद्या पढी समर न देख्यो नैंन॥करि साहस वीरा लयो जानी का हू पैंन॥५०॥मोहि अचंभो पुत्र सुनि कोर रूमव दे व॥गंधर्व किन्नर जक्ष तूं कहि सब अपनो भेव॥५१ अभि मन्युरु वाच॥छप्पै॥सेवक सोइ धन्य स्वामि कारज में सूरो॥धन्य धन्य सोइ पुत्र मात पितु आ यसु पूरो॥धन्य धन्य वह दास भंग नहिं शासन क रई॥धन्य धन्य सोइ सूर समर पग उलटि न धरई॥ धनि बोलि सत्य कवि छन्द कहि सुजस सकल जग लीजिये॥बहु राज काज मन लाज धरि जन्म सुफल अब कीजिये॥५२॥दोहा॥नहीं भूप संसो करो सोच नसा वहु चित्त॥करो विजय भट सब हनों आजु रा वरे हित्त॥५३॥इति श्री महा भारत पुराणे विजय

मुक्ता वल्यां कवि छत्र विर चितायां चक्र
व्यूह रचनो नाम द्वा त्रिंशो ऽध्यायः॥३२॥

युधिष्ठिर उवाच॥दोहा॥पढ्यौन गुरु ढिगतैं कहूं लख्योन नैननि जुद्ध॥को कान्ध्यो तैं भार सुत सो मोसौं कहि शुद्ध॥१॥अभि मन्युरु वाच॥सुनि नृप पूरव ज न्मकी कथा कहौं मन लाय॥मथुरा पुर उत्तम अवर नि शोभा वाही न जाय॥२॥सुंदरी छंद॥भार भयो र उपजे वहु दानव॥धेन नहीं वहु धा मुनि मानव॥ होम धर्म तप जज्ञ नसावत॥होन नहीं व्रत संजम पावत॥३॥भारत विप्रनि देखि तपो बल॥दीरघ र दीरघ दानव को दल॥कै वहु तै वसुधा जिय व्याकु॥

ल॥ जात भई ... पूरी थल॥ ४॥ तामुख वात सु
नी जग वंदन॥ प्रगट भये सब श्री नंद नंदन॥ मार उ
तारि हने दल दानव॥ ठावहिं ठाव थपे मुनि मानव
॥५॥ सवैया॥ भूतल भार उतारन कों जग में अवतार
मुरारि धस्यो॥ मारि वकी वग को मुख फारि अघा
सुर को वल प्रान हस्यो॥ तोरि लये रद धाय भुशुंडतें
कोपि करी जव आनि अस्यो॥ कंस को हंस विध्वंसि
तहां सव दानव वंश निवंश कस्यो॥ ६॥ चौपाई॥ तव
श्री कृस्न पैज उर धरी॥ सकल भूमि विनु दानव क
री॥ छोटे वड़े असुर जे भये॥ तेवर विक्रम के सव हये
॥७॥ मारे सव वहु त्रासदि खाई॥ मैं माता तव वची
पराई॥ गर्भ वती पितु गेह सो गई॥ ऐसी गति विधि
ना निर्मई॥ ८॥ ताके गर्भ जन्म मैं लयो॥ कछू ज्ञान
तव मो उर भयो॥ खेलन जाउं शिशुन के संग॥ नाना
विधि सव राचत रंग॥ ९॥ इक शिशु यों कहि गारी
दई॥ सुनत मोहि वहु लज्जा भई॥ तव उन के हि ... न
ज्ञातिन गोत॥ तोहि हनों तेरो को होत॥ १०॥ चलि त
व माता पै हों आयो॥ तवही सव वृतांत वतायो॥ को कु
ल कौन पिता कहि माता॥ कहा कुटुंव वंधु निजु भ्रा
ता॥ ११॥ माता उवाच॥ पुत्र पिता की जो गति सुनिहौ॥
वहु पछितैहो माथो धुनिहौ॥ कुटुंव तुम्हारो श्री हरि
हन्यो॥ वालक वहु तरुण नहिं मन्यो॥ १२॥ दोहा॥ कोऊ
उवस्यो असुर नहिं पुरुषन कौऊ वाम॥ कीनी अपुव
स पुहुमि सव निर्भय मथुरा धाम॥ १३॥ लाज भई य
ह वात सुनि क्रोध भयो वहु चित्त॥ सुनि पितु की वे

सौ दृढ़ण कियो जतन ताहि त ॥ १४ ॥ धूम घूंटि कै औं
धमुख नींद भूख सव साधि ॥ तन मन सव एकां
त करि शिव सौं लगी समाधि ॥ १५ ॥ दंडक छंद ॥ २
नीचो राखि मूरध चरण किये ऊरध में धूम घूंटि
घूंटि तप कीनो त्रास ना कछै ॥ सूखि गई त्वचा सव
आमिष विलाय गयो शोन कौ सलिल चल्यौ कै
तिक वखानि च्वै ॥ एक चित्त साधि कै समाधि २
महा कष्ट साधि कीनो न विराम कवहूं न घटिका
हू दै ॥ छत्र वाहि शंभु नाथ भूत नाथ भव नाथ २
शंकर प्रसन्न भये मोपर दयाल है ॥ १६ ॥ दोहा ॥
हौं प्रसन्न तोसों भयो मागि मागि उत्ताल ॥ जो कुछ
तव मन रहै सो पुरवउं इहि काल ॥ १७ ॥ चौपाई ॥ न
व मैं तिन सौं विनई सेव ॥ नमो देव देवन के देव ॥
वृत्ति भूमि मो मथुरा गांउं ॥ तीनहु भवन प्रगट ता
नाउं ॥ १८ ॥ वासुदेव भूतल अवतर्यो ॥ दानव को
कुल तिन संघर्यो ॥ लघु वालक काहु रहन न पा
यो ॥ सो हरि तहं अव नीश कहायो ॥ भागी गर्भ
वती मो माता ॥ नैहर गई जहां निज भ्राता ॥ ता
के गर्भ भयो ता ठाउं ॥ धर्यो मातु अहि दानव ना
उं ॥ २० ॥ अव स्वामी सो करो उपाउं ॥ अपने कुल
को पाऊं दाउं ॥ लगैन आयुध होयन घाउ ॥ दै
कछु ऐसो करो सहाउ ॥ २१ ॥ दोहा ॥ जाके वल ह
रि कौ हतों कुल को वदलो लेहु ॥ लहो विरत वर
आपनी जननी को सुख देहु ॥ २२ ॥ दीनो एक म
त्र्स तव है शिव परम दयाल ॥ तव रक्षा कै है २

समर सव भाजयो निहि काल॥२३॥शिउ उवाच॥म
धुभार छंद॥जव रण जैहे जय जस पैहे॥अरिकु
ल गंजे॥पर दल भंजे॥२४॥जव रण जाने॥अरि
न पराने॥वहु वल कीनो॥करि वल लीनो॥२५॥दो
हा॥रहिये वैठ मजूस में सोहिन लखिहे कोइ॥तु
म तन की रक्षा महा याही तें सव होइ॥२६॥आयो
गेह मजूष लै वीते कोतिक काल॥मथुरा पुर कों उ
ठि चल्यो जातन श्री गोपाल॥२७॥जव कछु चलि मा
रग गयो लये मजूषा सीस॥विप्र रूप मोकों मिले ती
नि भुवन के ईस॥२८॥गीतिका छंद॥जरा युत सव दे
ह निर्वल लकुट कर में लेखिये॥चल्यो आवत कष्ट सों
विच वाट कैसो देखिये॥॥दया उपजी मोहि देखत
कही यह गति हेरि कै॥कहो विप्र चले कहां वानी सु
नाइ टेरि कै॥२९॥रदन दावी अंगुली द्विज कही मो
ढिग आय कै॥सुनत आवे कंस यों कहि क्यों वचे भ
गि जाय कै॥शब्द ऊंचो क्यों करे स्वर दीन क्यों नहि वो
लई॥ता विप्र की मुख सुनत वानी मोहि चित चिंता
भई॥३०॥दोहा॥मैं विनयो ता विप्र सों कंस हि काहा ड
राउ॥क्यों वोलै स्वर दीन तू सो कहि मोसों भाउ॥३१॥
विरति भूमि मथुरा पुरी तहं असुरनि को वास॥कंस
मानि कै वैर चित कीनो सव को नास॥३२॥हों प्रोहित
तिनको सदा तिन विनु व्है गयो हीन॥नहीं वच्यो ज
न मान जग अव सव सों आधीन॥३३॥चौपाई॥स
संघारे असुर अनेक॥भागि वची तरुनी तहं एक॥ग
र्भवती पितु के ग्रह गई॥ऐसी गति विधिना निर्मई॥३४

ताके पुत्र भयो मैं सुन्यो॥चलि तहँ आउँ चित्त में
गुन्यो॥ वह सुत ह्वैहै वहु वलवान॥अवशि राखि
है मेरो मान॥३५॥हति कंस हि मथुरा पुर लैहै॥ध्या
म ग्राम हम कों लै देहै॥यह सुनि कै मेरो मन मान्यो॥
वह मैं निज प्रोहित करि जान्यो॥३६॥तव मैं सो द्वि
ज निकट वुलायो॥सव विधि अपनो भेद वतायो॥
तू प्रोहित हौं तुव जजमान॥रहि मो पास राखि हौं
मान॥३७॥दोहा॥फूल्यो द्विज ये वचन सुनि हर्ष
वंत अकुलाइ॥मोसों हित भावे वचन कहि क्यों
तू कित जाइ॥३८॥चौपाई॥तव मैं अपनो भेद व
तायो॥कंस हि हौं जीतन चलि आयो॥तव फिरि
विप्र कहै अकुलाइ॥तोपै रिपु क्यों जीत्यो जाइ ३९
दोहा॥वली नहीं है कंस सो तीनि लोक में कोइ॥ता
सों तो सों जुद्ध में कैसें सरवर होइ॥४०॥तोहि देखि
धीरजु भयो जान्यो जीवन आज॥अव मथुरा जिनि
जाय तू ह्वैहै महा अकाज॥४१॥तव मैं वाह्यो मनु
ष को भेद सवै समझाइ॥दीनो शंभु कपाल ह्वै प्रा-
णनि रक्षक आइ॥४२॥सकल निपालों और चार
कौन सवै रण जीति॥हारत जानि मनुष मैं पौहि र
हौं यह रीति॥४३॥सोरह सहस करी लखी ते तव ले
हु लगाइ॥मोहि लखै नहिं शंभु विनु दूजो कोऊ र
आइ॥४४॥चित्र पद छंद॥विप्र कहै तय ऐसे॥तू र
ण जीति हि कैसे॥जानत हौं छल कीनो॥तो काहे
है यह दीनो॥४५॥सोन कछू कहि जाई॥तू कहि मो
सों समुझाई॥मैं सव वात वताई॥वात सवै द्विज पाई ४६

दोहा॥सीखि लराई सब लई छलि बारि द्विज २ वपु मंडि॥बैठो मांहि मजूष हों सकल कपट को छंडि ४७॥चौपाई॥विकट कारी उन सबै लगाई॥२ जे में हुती वाहि समुझाई॥तामें मोहि मूंदि सो गयो॥बुद्धि नसाई परवस भयो॥४८॥धायो बल सब पौरुष भाग्यो॥कीनो सो कछु का जन लाग्यो॥शिव शिव कहत तजे में प्रान॥फेरि तब प्रगट भये भगवान॥४९॥दोहा॥एक कुपी में मूंदियो श्री हरि मेरे प्रान॥होनी सोई ह्वै रहे जो रच्यो भगवान॥५०॥चोवास के तब सो कुपी दई सुभद्रा हाथ॥बिनु बूझे खोलो न तुम यों बिन यो जदु नाथ॥५१॥चौपाई॥पति के गृह सुभद्रा आई॥तब सो कुपी हाथ ही लाई॥न्हाई रितु वंती ह्वै नारि॥जानि सुगंध सु लखी उघारि॥५२॥संगत ताको बहु सुख पायो॥ताके उदर पैठि हों आयो॥दिन दिन बाढ़त विकट शरीर॥विथा सुभद्रहि भर रिन भीर॥५३॥दसौं द्वार की रुधी स्वास ताहि गई जीवन की आस॥सहस बाहु अहि दानव भयो॥सह्यो न भार मात पै गयो॥५४॥दोहा॥दिन दिन देही परहरी कृश ह्वै रह्यो शरीर॥देखन आये सुनि विथा भगनी को जदुवीर॥५५॥श्रीकृष्ण उवाच॥कहा तोहि मन कामना कहा बसै तुव चित्त॥सो मोसों समझाइ कहि आनों तेरे हित्त॥५६॥सुभद्रा उवाच॥पैठों रुधिर प्रवाह में यह भावै चित मोहि॥नित्य निसा इहि विधि करों अथवा मारों तोहि॥५७॥त्रोटक छंद॥भ्रम श्री हरि चित्त भयो त

वुड़ी॥भगिनी मुख बैन सुन्यो जवही॥वहु संभ्रम चित्त
हि छाय रह्यो॥कछु जाय नही मुख बैन कह्यो॥५८॥
जव सूर छिप्यो कछु रैनि गई॥तव व्याकुलता भ
गिनीहि भई॥हरि सों यह बैन विचारि कह्यो॥कहि
एक कथा वसि चित्त रह्यो॥५९॥दोहा॥श्रीहरि च
त्र व्यूह की कीनी कथा प्रकाश॥छिमा भई सुनिकै
कछू मिट्यो कछू मन त्रास॥६०॥चौपाई॥इहि विधि
कथा तहां सुनि लई॥सुनत सुनत आधी निशि ग
ई॥रैत नहूं का निद्रा छई॥कछू छिमा ताके उर भ
ई॥६१॥कथा रही यह मो चित आई॥हूं कांटे तव
कथा कहाई॥तव ही हरि भाषा पहिचानी॥काही
नतव सों फेरि कहानी॥६२॥कुंडलिया॥कीनो सं
भ्रम चित्त में कासु कमल दल नैन॥उत्तर काहू
असुरको नरकी भाषा हैन॥नरकी भाषा हैन उदर मैं
है तिनि जान्यो॥सहस वाहु को शत्रु आपनो तव प
हिचान्यो॥पहिचान्यो तिहि वार सज्यो तव जतन
नवीनो॥को कवि सकै वखानि चित्त जेतो भ्रम कीनो॥६३॥दोहा॥सहस वाहु को कास तव पुतरा रच्यो
वनाइ॥कर कुशले अभिषेक करि मंत्र जप्यो अ
कुलाइ॥६४॥तासों सकल भुजा नसीं द्वै भुज रही
शरीर॥तव ही प्रगट्यो भूमि पर भई सुभद्रहि धीर
६५॥चत्र व्यूह कथा सुनी सुन्यो गेह को भाउ॥भी
म पैज करि ताहि वर तोरिलेइ करि चाउ॥६६॥नि
ती कथा सव में सुनी सो वरनी तो जाइ॥रह्यो सुन
विनु भीम सो तोरि देहि सुनि राइ॥६७॥छप्पै॥भी

म सेन की पैजवारत को संकन करई॥मुनि गन तज
त समाधि शंभु को आसन टरई॥भूतल व्योम पता
ल लंक पति कांपत थर थर॥गदा लेत कर कोपि अं
त आतंका सकल नर॥कोन कांपहि कवि छत्र कहि
डरि डरि करि वर परिहरत॥क्षोभ होत सुर असुर को
सु पवन पुत्र क्रोधहि करत॥६८॥दोहा॥जीत्यो चक्र
व्यूह रण कौन सकै अव राखि॥नहि नरेंद्र चिंता क
रो वचन कहै हुमि भाखि॥६९॥दंडक छंद॥दूहू दल
पारों रोरि सुभट संघारों टोरि पोरि पोरि गवें सब सू
रनि के गारिहों॥औ नहूं मैं वीरों द्रोण रथते विरथ
करों कहूं विकर्ण हू को आजु रण मारिहों॥सा
सन दुश्शासन को चैन दहै वैन हू को भूधर से दृष्य
र को भूतल पछारिहों॥वाणनि की वायु सों उडाय
देहुं सकुनि हि क्रोध दुर्जोधन के सीस ही सों मारिहों॥
७०॥दोहा॥है सुचित्र वीरा दयो धर्म सुवन नर नाह॥
पंच छोहनी सकल दल दीनो करि उत साह॥७१॥स
हदेव अरु नकुल संग चले द्रुपद नर नाथ॥चले वि
राट चमू लिये और धरहु का साथ॥७२॥भूपति को
सिर नाय कैं चल्यो निसान वजाय॥गेह आय जन
नी चरण वन्दे वहु सुख पाय॥७३॥इति श्री महा
भारत पुराणे विजय मुक्ता वल्यां कवि छत्र विरचि
तायां अभि मन्यु उत्साह वर्णनो॥

नाम त्रयस्त्रिंशोऽध्यायः

३३॥सुभद्रा उवाच॥चौपाई॥देखत तो को मन्यु गा
ह वह्यो॥धनि धनि कुक्षा मो अब लह्यो॥अपने कु

लको राख्यो पान्यो॥धन्य धन्य सुत मैं पहिचान्यो॥१॥
दोहा॥मुक्ता चौका पूराय कैं वेद उचारत विप्र॥चल्यो
वीर रस सों सुभट शत्रु हिं जीतन छिप्र॥२॥मंगल गा
ये सखिन मिलि बाजन विदित बजाइ॥नौछावरि
मणि मुक्ता करि नीरज चीर लुटाइ॥३॥वंदिन मिलि
बोल्यो विरद रथ आरूढ़ कुमार॥चल्यो सबल दल
साजि कै कोपि कस्यो किरवार॥४॥सुंदरी छंद॥कुंज
र पुंजनि पुंजनि सोहत॥वैरख जाल महा मन मोहत॥
देखत यों कवि ता छवि साजत॥ज्यौं उत दामिनि वा
रिद राजत॥५॥चंचल बाजि किधौं खग खंजन॥पी
न कुरंगनि की गति गंजन॥ज्यौं सलभा गण पायक
राजत॥शोभन दीरघ दुंदुभि बाजत॥६॥दोहा॥रज उ
डि लोप्यो व्योम रवि बढ्यो धरा तम छाइ॥कमठ कस
मस्यो शेष को लचकि लचकि शिर जाइ॥७॥दंडक
छंद॥छाती होत धर शेष की धरा धरत कूरम काल
मसलात भूरि तरुवर तल तल॥टूटि टूटि द्रुम छिति
छूटि छूटि नीर गये खूंदि खुर तार मूंदे सरिता सक
ल जल॥चहूं ओर चकित चवाइ सत वाइ गये अरि
अवनीश कंपि कंपि उठे हल हल॥सूर अवतंस पंडु
बंस अंश अर्जुन के सेन चले हालि उठे सब भूतल
के थल थल॥८॥दोहा॥चलत कटक पहुंच्यो तहां
जहं विराट को धाम॥दियो सो धुनुक सह चरी जगी
उत्तरा वाम॥९॥सखी उवाच॥जीतन चक्रव्यूह को
कोपि चढ़यो तव कंत॥चढ्यो वीर रस कटक में हर्षवंत
दीसंत॥१०॥अति आतुर जे वचन सुनि उठी उत्तरा र

सुत लारवनि नाम बाहादु ॥ प्रथम कोट आभार सिर
लयो भुजा बर आदु ॥१०॥ कोट दूसरे विकट में विदु
र बीर को बास ॥ तीजे शल्य कह्यो बली तीजे कोट नि
वास ॥११॥ कोट चतुर्थ में द्रोण सुत रह्यो बलीद-
ल गाजि ॥ कोट पांचवें सकुन दल राख्यो बहु दल र
साजि ॥१२॥ छठें सुशर्मा सात में साज्यो सबल सवाह
अष्टम विम्या सेन तहां सजे कवच संनाह ॥१३॥ न
वम विषम भूरि श्रवा दशमें को सब भार ॥ एकाद
श अरु द्वाद शें ताही को विस्तार ॥१४॥ कोट तेरहें द्रोण
गुरु सकल सेन को लाज ॥ चतुर्दशें गांगेय तहां रा
जत बड़ो समाज ॥१५॥ है कलिंग गढ पंद्रहें जिहि
बहु जीते युद्ध ॥ दुशा सन गढ षोड़शें सेना सहित सक्रुद्ध ॥१६॥ चौपाई ॥ सप्त दशें कृत वर्मा देख्यो ॥ र
ताको महा गर्व में लख्यो ॥ अष्टा दशें लसै महा बाहु
नव दश सेना जुत उत्साहु ॥१७॥ दोहा ॥ कोट बीस
में कारण नृप ताको बल नहिं अंत ॥ एक बीस मह
जय द्रथ साज्यो दुसह दुरंत ॥१८॥ दुरजोधन सब अ
नुज सुत साजि सेन चतुरंग ॥ न्यारो लसै महीपत
हं सुभट विकट सब अंग ॥१९॥ यह विधि चक्र व्यू
ह की सुनि अभि मन्यु कुमार ॥ करो विदा चलि जांउं हों
दुरजोधन के द्वार ॥२०॥ अभि मन्यु रु वाच ॥ साजे
नृपति महा रथी सकल सजे तन त्रान ॥ यह संदेसो
देहु तुम कर वर गहौ कृपान ॥२१॥ पहुंच्यो दूत मही
पपै कही सकल विधि जाय ॥ नृपति जुधिष्ठिर की
चमूं तुम पर पहुंची आइ ॥२२॥ साज्यो चक्र व्यूह

पे पारथ सुत बलि बंड॥नाम भेष लघु जानिये पौरु
ष परम प्रचंड॥२३॥ताको साहस मैं लख्यो. काहत्तन
वनई वाल॥काहत लेहुं हौं जीति कै चक्र व्यूह को जा
त॥२४॥करो उताइल काटकमैं साजो राजा राय॥
सावधान सब होहु भट गरजि निसान बजाय २५
त्रोटकछंद॥प्रतिहार नरेश तबै पठयो॥अवनीपु
नि सोध्यु सो दैन गयो॥सुनिता मुख बैन सबै सजि कै
तन त्रान कसे बहु धा गजि कै॥२६॥बहु ओरनि
घोर निसान बजे॥कहुं कुंजर बाजि समूह सजे॥ब
पवंत महारथ साजि तहां॥लखिये नहिं पौन प्र
वेश जहां॥२७॥अभिमन्यु जबै तहं पौ त्रि चल्यो॥
बहु वीर नि को हिय देखि हल्यो॥पहिले ग्रह मध्य
प्रवेश कर्यो॥ तब लाखनि के मन सोच पर्यो॥लखि
वालक सोन करै रण को॥यह शोक भयो अति ही
मन को॥नगहे धनु वान सो सीस धुनै॥ पल ही
पल ही हिय मांहि गुनै॥२८॥लाखन उवाच॥दो
हा॥अतिअपराधी मो पिता पंडु सुतनि नहि खो
रि॥उन नथरी जिय मांफ इनि औगुन किये करो
रि॥२९॥प्रथम वरा मंदिर रच्यो तामैं दिये जरा
य॥भजि उवरे दावागिनि तैं श्रीहरि कियो सहाय
३०॥पांसे कपट वनाइ कै छल करि लये हराइ॥
राज पाट सब छीनि कै दीनो विपिन पठाइ ३१
खेंचत लज्या ना करी द्रुपद सुता को चीर॥हरि सहा
य उघरो नहीं कितहूं तनक शरीर॥३२॥ऐसे को वि
विचारि कै समरन आप अजाइ॥जान दयो सुत

सुत पार्थ को नहिं राख्यौ विरमाइ॥३३॥गयो पैठि गढ़ द्रु
मेर पार्थ पुत्र वरवीर॥निरखत धनु गुण जुत कासो
विदुर उठे रण धीर॥३४॥निरखतही अभिमनु कौं वि
दुर डुलायो सीस॥[illegible] बालक की कौन द्वै नृपाल जग
दीस॥३५॥आपुन बांधौं जुद्ध नहिं धनुष दियौ भुव
डारि॥पापी बैठे गेह कत पंडु पुत्र तुम चारि॥३६॥पौ
रुष तजि लज्या तजी तजी सकल कुल कानि॥बालक
रणहि पठाइ कै आपु रहे सुख मानि॥३७॥दीरघ तन
दीरघ भुजा दीरघ पौरुष पाइ॥कातर ह्वै बैठे [illegible]दन
बहु बल वंत कहाइ॥३८॥विदुर साथ बरजो सबै को
ऊ जुरै न जुद्ध॥चल्यो तीसरी पारि को पार्थ पुत्र ह्वै
सुद्ध॥३९॥पैठि गयो गढ़ तीसरै पार्थ पुत्र नव धाइ
सहित सल्य भट सकल मिलि कीनो धनुष चढ़ाइ
४०॥[illegible] ह्वै जुरे वीर विविजुद्ध॥त
[illegible] हनी शक्ति ह्वै क्रुद्ध॥४१॥वि
षम चोट [illegible] वेगि है पीठि॥पारथसु
त कीनी [illegible] पर दीठि॥४२॥चौपाई॥तहां
